दैनिक
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
# नवयत्न
खबरें सड़क से संसद तक
वर्ष: 17 | अंक 175 | सीकर, मंगलवार 25 अगस्त 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

## तहसील कार्यालय का वरिष्ठ सहायक और दो दलाल रिश्वत लेते गिरफ्तार



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसीबी की बांसवाड़ा इकाई ने सोमवार को कार्रवाई करते हुए बागीदौरा तहसील कार्यालय के वरिष्ठ सहायक योगेन्द्र सिंह भाटी सहित दो निजी व्यक्तियों दलाल को 4 हजार रुपए रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। आरोपित वरिष्ठ सहायक के लिए रिश्वत राशि लेने वाले रतनसिंह और विठ्ठल को भी गिरफ्तार किया गया है। एसीबी ने रिश्वत की राशि बरामद कर ली है। एसीबी के उप अधीक्षक पुलिस रतन सिंह राजपुरोहित के अनुसार परिवादी एक फाइनेंस कंपनी में कार्यरत है। कंपनी की ओर से गृह ऋण देने से पहले आवेदकों की रजिस्ट्री को सब-रजिस्ट्रार कार्यालय से रजिस्टर्ड मॉर्टगेज करवाया जाना आवश्यक होता है। परिवादी ने शिकायत दी कि तहसील कार्यालय बागीदौरा में वरिष्ठ सहायक योगेन्द्र सिंह भाटी दो रजिस्ट्री पत्रावलियों को रजिस्टर्ड मॉर्टगेज करवाकर उपलब्ध कराने के एवज में रिश्वत मांग रहा है। शिकायत के सत्यापन के दौरान योगेन्द्र सिंह ने दोनों पत्रावलियों के रजिस्टर्ड मॉर्टगेज के लिए प्रति पत्रावली 2 हजार 500 रुपए के हिसाब से कुल 5000 रुपए की रिश्वत मांगी। बातचीत के बाद दोनों पत्रावलियों पर 500-500 रुपए कम करने के बाद 4000 रुपए में सौदा तय हुआ। मांग की पुष्टि होने के बाद एसीबी के नेतृत्व में ट्रैप कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान योगेन्द्र सिंह ने परिवादी से 4 हजार रुपए अपने परिचित रतनसिंह को देने के लिए कहा। रतनसिंह ने यह राशि विठ्ठल को दी। जिसके बाद एसीबी टीम ने रिश्वत की रकम बरामद कर तीनों को गिरफ्तार कर लिया।

## सोलर सिस्टम का लोड बढ़ाने की एवज में रिश्वत लेते कनिष्ठ अभियंता गिरफ्तार

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने सोमवार को कार्रवाई करते हुए जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड जेवीवीएनएल के रामगंज सब स्टेशन पर तैनात कनिष्ठ अभियंता जेई मनोज कुमार को 3 हजार रुपए रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। एसीबी चौकी जयपुर नगर चतुर्थ के एएसपी मनोज कुमार गुप्ता के अनुसार परिवादी की कंपनी के ग्राहक के आवासीय विद्युत कनेक्शन पर 10 किलोवाट का सोलर सिस्टम लगाने के लिए विद्युत लोड क्षमता बढ़वानी थी। आरोप है कि इसके लिए कनिष्ठ अभियंता ने 14 अगस्त को 5 हजार रुपए रिश्वत मांगी। बातचीत के बाद 3 से 4 हजार रुपए में सौदा तय हुआ। शिकायत का सत्यापन कराने के बाद एसीबी ने ट्रैप कार्रवाई की गई। पुलिस निरीक्षक रामजी लाल की टीम ने आरोपी जेई को परिवादी से 3 हजार रुपए लेते रंगे हाथों पकड़ लिया। रिश्वत राशि बरामद कर ली गई है। एसीबी आरोपी से पूछताछ कर रही है और मामले में अन्य व्यक्तियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

## उचित मुआवजे की मांग को लेकर किसानों का मौन प्रदर्शन, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन





निसं

**नवलगढ़ ( नवयत्न )।** बेरी से गोठड़ा तक प्रस्तावित रेल लाइन के विरोध और उचित मुआवजे सहित विभिन्न मांगों को लेकर सोमवार को किसानों ने मौन प्रदर्शन किया। किसानों ने शहीद स्मारक से एसडीएम कार्यालय तक मौन जुलूस निकाला। प्रदर्शन के बाद किसानों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर रेलवे लाइन के लिए भूमि अधिग्रहण में अवार्ड की अनियमितताओं को दूर करने और भूमि अधिग्रहण अधिनियम-2013 की पालना सुनिश्चित करने की मांग की। किसानों ने कहा कि भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया में किसानों के हितों का ध्यान रखते हुए उन्हें उचित मुआवजा दिया जाए। इस दौरान किसान नेता विजेंद्र सिंह काजला, माया चौधरी, नंदलाल गर्वा, खेताराम, मदन सैनी, सांवर यादव, मोहित जांगिड़, भंवर सिंह गुर्जर, मोहम्मद अली चौहान, मेघाराम राड, करणी राम झाझड़िया, मनोहर सीगड़ सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

## मधुमक्खियें के हमले में युवक घायल

अमित प्रजापत



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** ठरडा में काम करे रहे 2-3 मजदूरों पर अचानक मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। जिससे नेहरू सिंह पुत्र अमर सिंह, निवासी ठरडा को 40-50 मधुमक्खियों ने काट लिया, जिससे वो घायल हो गया। वहीं ड्यूटी कर रहे होमगार्ड के जवान मंगलचंद खटीक ने तुरंत उसे संभाला और हिम्मत दिखाते हुए अपनी मोटरसाइकिल पर ही राजकीय बगड़िया अस्पताल लेकर पहुंचे तथा टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार को सूचित कर दिया। इमरजेंसी वार्ड में पीड़ित के डंक निकाले गए। समय पर अस्पताल पहुँचाने और इलाज मिलने से नेहरू सिंह की स्थिति गंभीर होने से बच गयी।

# दादी के दरबार जाने वाले रास्ते पर गंदगी से 'स्वागत'



## इसी रास्ते पर हैं मुक्तीधाम, शवयात्रा में नाक पर रुमाल बांधने की मजबूरी, कचरे के ढेर से आती दुर्गंध

संजय सोनी

**झुंझुनूं ( नवयत्न )।** विश्व प्रसिद्ध दादी राणी सती मंदिर झुंझुनूं की पहचान है। 11 सितम्बर को भादव अमावस्या के अवसर पर देश के विभिन्न हिस्सों में रहने वाले प्रवासी जन बड़ी संख्या में दादी के दरबार में पहुंचेंगे। लेकिन मंदिर की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग का मौजूदा हाल शहर की स्वच्छता व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। मार्ग पर जगह-जगह सड़ांध मारते गंदगी के ढेर पड़े हैं और उन्हीं ढेरों में गोवंश प्रतिबंधित पॉलीथिन सहित कचरा खाकर अपना पेट भरने को मजबूर है। दादी राणी सती मंदिर जाने वाले इस महत्वपूर्ण मार्ग पर नियमित सफाई के दावों के बावजूद गंदगी के ढेर नजर आ रहे हैं। कचरे से उठती दुर्गंध राहगीरों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। आने वाले दिनों में जब भादव अमावस्या पर श्रद्धालुओं और प्रवासी जनों की भीड़ उमड़ेगी, तब यही गंदगी शहर की छवि पर सवाल खड़े करेगी।

### गौशाला भी इसी मार्ग पर, फिर गोवंश क्यों खा रहा कचरा?

विडंबना यह है कि लाखों रुपए का सरकारी अनुदान प्राप्त करने वाली गौशाला भी इसी मार्ग पर स्थित है। इसके बावजूद सड़क किनारे पड़े कचरे में गाय और गोवंश प्रतिबंधित पॉलीथिन और अन्य कचरा खाते दिखाई दे रहे हैं। सवाल यह है कि जब गोवंश संरक्षण के लिए सरकार और संस्थाओं द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं तो खुले में पड़े कचरे से गोवंश को बचाने की जिम्मेदारी आखिर किसकी है?

### शवयात्रा भी इसी रास्ते से, नाक पर रुमाल बांधने की मजबूरी

इसी मार्ग से बिबानी मोक्षधाम जाने वाली शवयात्राएं भी गुजरती हैं। अंतिम यात्रा में शामिल लोगों को सड़ांध के बीच नाक पर रुमाल बांधकर चलने को मजबूर होना पड़ रहा है। जन्म से मृत्यु तक शहर की व्यवस्था से जुड़ा यह मार्ग आज गंदगी और दुर्गंध की तस्वीर पेश कर रहा है।



### स्वागत द्वार के पास 'स्वागत' करती गंदगी

इसी माह मार्ग के दोनों छोर पर लगाए गए स्वागत द्वारों का विधायक राजेंद्र भाम्बू ने उद्घाटन किया था। विडंबना देखिए कि आज उन्हीं स्वागत द्वारों की नाम पट्टिका के आसपास गंदगी के ढेर पड़े हैं और गाय-गोवंश उन्हीं कचरे के ढेरों में मुंह मारते नजर आ रहे हैं। जिस मार्ग से बाहर से आने वाले लोगों का स्वागत होना है, वहां गंदगी शहर का परिचय बनती दिखाई दे रही है।

### जन्मभूमि बुलाती है, बदले में बदबू क्यों?

देश के अलग-अलग हिस्सों में बसे झुंझुनूं के प्रवासी जब भादव अमावस्या पर अपनी जन्मभूमि लौटेंगे तो उनके मन में अपने शहर और दादी राणी सती के प्रति आस्था होगी। जन्मभूमि की मिट्टी उन्हें यहां खींचकर लाएगी, लेकिन यदि स्वागत में उन्हें सड़ांध और कचरे से भरा रास्ता मिले तो यह शहर के लिए चिंतन का विषय है। प्रवासियों को जन्मभूमि की मिट्टी की खुशबू चाहिए, बदले में बदबू नहीं। अब देखना यह है कि भादव अमावस्या से पहले नगर परिषद इस मार्ग को वास्तव में साफ कर पाती है या फिर गंदगी ही श्रद्धालुओं का 'स्वागत' करती रहेगी।

### करोड़ों की स्वच्छता व्यवस्था, फिर सफाई कौन देख रहा?

राज्य सरकार और केंद्र सरकार द्वारा स्वच्छता के नाम पर हर वर्ष करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं। नगर परिषद की सफाई व्यवस्था के लिए कर्मचारी और संसाधन भी उपलब्ध हैं। इसके बावजूद यदि शहर के प्रमुख धार्मिक और अंतिम संस्कार स्थल को जोड़ने वाले मार्ग पर समय पर सफाई नहीं हो रही है तो सबसे बड़ा सवाल सफाई से ज्यादा मॉनिटरिंग व्यवस्था पर है। सवाल यह है कि नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों द्वारा समय पर सफाई की जा रही है या नहीं, इसकी मॉनिटरिंग कौन कर रहा है? यदि मॉनिटरिंग हो रही है तो फिर यह अव्यवस्था जिम्मेदार अधिकारियों की नजर में क्यों नहीं आ रही?

### आस्था, शिक्षा, खेल और अंतिम संस्कार स्थलों से जुड़ा है क्षेत्र

यह क्षेत्र शहर के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। यहां सेठ मोतीलाल कॉलेज, राणी सती मंदिर, बिबानी मुक्ति धाम श्मशान, ईदगाह-कब्रिस्तान, मनसा माता मंदिर, राजस्थान की खूबसूरत गौशाला और बच्चों व युवाओं के खेलने हेतु बड़ा स्टेडियम स्थित हैं। ऐसे में पूरे क्षेत्र को साफ-सुथरा और व्यवस्थित रखना केवल प्रशासन ही नहीं, बल्कि पूरे शहरवासियों की भी जिम्मेदारी है। विशेष रूप से प्रशासन को इस पूरे क्षेत्र की नियमित मॉनिटरिंग और सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को पाबंद करना चाहिए। यहां कचरा जमा न हो, गंदगी और दुर्गंध की स्थिति पैदा न हो तथा आने-जाने वाले लोगों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े, इसके लिए नियमित सफाई के साथ स्थायी निगरानी व्यवस्था जरूरी है। यह क्षेत्र धार्मिक आस्था, शिक्षा, खेल, सामाजिक गतिविधियों और अंतिम संस्कार जैसे महत्वपूर्ण स्थलों को जोड़ता है। इसलिए इसकी स्वच्छता और गरिमा बनाए रखना पूरे शहर की सामूहिक जिम्मेदारी है। प्रशासन को भी इसे सामान्य क्षेत्र न मानकर विशेष निगरानी वाले क्षेत्र के रूप में विकसित करना चाहिए।

## समाजसेवा की मिसाल : पारीक परिवार ने मंदिर निर्माण के लिए दिए 7.01 लाख

श्रीराम तिवाड़ी

**नोखा ( नवयत्न )।** श्री छःन्याति ब्राह्मण महासंघ की प्रस्तावित भूमि पर मंदिर एवं बहुआयामी भवन निर्माण के लिए समाजसेवी एवं विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय महामंत्री (प्रमुख) पवन कुमार पारीक सुपुत्र स्व. बजरंग लाल पारीक, गांधी चौक, नोखा द्वारा अपने पूज्य पिता स्व. बजरंग लाल पारीक की स्मृति में 7.01 लाख की राशि दान स्वरूप प्रदान की गई। श्री छःन्याति ब्राह्मण महासंघ के मार्गदर्शक एवं शुभचिंतक पवन कुमार पारीक के इस योगदान को समाज के प्रति श्रद्धा, सेवा, संस्कार और सामाजिक उत्तरदायित्व का अनुकरणीय उदाहरण बताया गया। महासंघ की कार्यकारिणी एवं समाजबंधुओं ने उनके प्रति हार्दिक वंदन, अभिनंदन एवं आभार व्यक्त किया। महासंघ की ओर से पवन कुमार पारीक को उत्तराधिकारी प्राप्त न्यासी एवं आजीवन संरक्षक का अधिकार प्रदान किया जाएगा।




वहीं उनके सुपुत्र कार्तिक पारीक एवं भ्राता प्रदीप पारीक, नोखा को अति विशेष निर्वाचक मंडल सदस्य एवं आजीवन संरक्षक का अधिकार प्रदान किया जाएगा।

**12 से 13 करोड़ की महत्वाकांक्षी परियोजना**-महासंघ की ओर से प्रस्तावित मंदिर एवं बहुआयामी भवन निर्माण परियोजना की अनुमानित लागत करीब 12-13 करोड़ बताई गई है। परियोजना के माध्यम से समाज के लिए शिक्षा, संस्कार, धार्मिक गतिविधियों, सेवा एवं सामाजिक कार्यक्रमों के लिए स्थायी सुविधाएं विकसित करने का लक्ष्य है। महासंघ की कार्यकारिणी ने सम्पूर्ण छःन्याति ब्राह्मण समाज के भामाशाहों, समाजबंधुओं एवं श्रद्धालुओं से इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर सहयोग करने का आह्वान किया है.

महासंघ ने कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता इस महत्वाकांक्षी संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। कार्यकारिणी के अनुसार, यह योगदान केवल वर्तमान पीढ़ी के लिए नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए शिक्षा, संस्कार, आस्था एवं सेवा की स्थायी धरोहर के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा।

## नजर एग्जिबिशन में आठ सौ से अधिक तस्वीरें-पेंटिंग्स ने बिखेरे कला के रंग



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान फोटो फेस्टिवल के तहत जवाहर कला केंद्र की सहभागिता में आयोजित नजर फोटो और पेंटिंग एग्जिबिशन के पांचवें सीजन का समापन हुआ। विश्व फोटोग्राफी दिवस के अवसर पर आयोजित इस तीन दिवसीय प्रदर्शनी में जयपुरवासियों ने देश-विदेश के फोटोग्राफरों और कलाकारों की कलाकृतियों का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में 400 से अधिक फोटोग्राफर और कलाकारों की 800 से अधिक तस्वीरें व पेंटिंग प्रदर्शित की गईं। प्रदर्शनी में आकर्षण का केंद्र रंगों से सजी पुरानी विंटेज कार भी रही, जहां लोगों ने सेल्फी ली। समापन समारोह में पांच वर्ष पूरे होने पर केक सेरेमनी आयोजित हुई। इसमें आरएएस पंकज ओझा और आईएफएस केसी मीणा सहित अतिथियों ने प्रतिभागियों के साथ उत्सव मनाया। नजर फोटोग्राफी अवॉर्ड चिन्मय कौर और पेंटिंग अवॉर्ड सुषमा सिंह को प्रदान किया गया। वहीं पत्रकारिता के क्षेत्र में जोधपुर के शिवलाल और जयपुर के सुनील शर्मा को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विधायक बालमुकुंद आचार्य, आईपीएस अमनदीप कपूर, आईएफएस केसी मीणा, आरएएस पंकज ओझा, आरएएस गोपाल राम बिरदा, प्रीति शर्मा, जितेंद्रपाल सिंह कछावा, मनाली गोयल और दीपक गुप्ता सहित कई हस्तियां शामिल हुई। फाउंडर रेणुका कुमावत और अदिति अग्रवाल ने अतिथियों का सम्मान किया। संरक्षक रेणुका कुमावत ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि अगले वर्ष कलाकारों और फोटोग्राफरों को प्रोत्साहित करने के लिए कुछ नया लेकर आने का प्रयास रहेगा। उन्होंने कहा कि यह ऐसा मंच है, जहां फोटोग्राफरों और पेंटिंग कलाकारों को एक साथ अपनी कला प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है।

## प्रभुजनों को कराया भोजन, आज मरीजों को फल वितरण

अशोक राईका

झुंझुनू( नवयत्न )। लायंस क्लब झुंझुनू जीवन की ओर से सोमवार को बीडीके अस्पताल स्थित अन्नपूर्णा रसोई में 'फूड फॉर हंगर' सेवा कार्यक्रम के तहत प्रभुजनों को भोजन करवाया गया। कार्यक्रम के संयोजक एवं प्रायोजक लायन रामदेवराम ओला रहे। क्लब अध्यक्ष एमजेएफ लायन डॉ. मुकेश एस. मूंड ने कहा कि जरूरतमंद एवं वंचित लोगों तक सेवा पहुंचाना क्लब का प्रमुख उद्देश्य है। 'सेवा ही सर्वोपरि' की भावना के साथ क्लब की ओर से विभिन्न सेवा गतिविधियां निरंतर आयोजित की जा रही हैं। कार्यक्रम में क्लब सचिव एमजेएफ लायन ओमप्रकाश मूंड, लायन रणधीर सिंह डूडी, लायन रामदेवराम ओला सहित अन्य लायन साथी एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।




### आज मरीजों को फल वितरण

क्लब की आगामी सेवा गतिविधि के तहत मंगलवार, 25 अगस्त को राजकीय भगवान दास खेतान अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरित किए जाएंगे। फल वितरण कार्यक्रम के संयोजक एवं प्रायोजक क्लब के द्वितीय उपाध्यक्ष लायन रणधीर सिंह डूडी होंगे।

## झाड़ली की पूनम कंवर ने माउंट एल्ब्रुस चोटी पर फहराया तिरंगा



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** झाड़ली ग्राम की बिटिया पूनम कंवर ने यूरोप महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी माउंट एल्ब्रुस (18510 फीट) पर चढ़ाई कर इतिहास रच दिया। उन्होंने शिखर पर तिरंगा और विभागीय ध्वज फहराकर देश का मान बढ़ाया है। पूनम कंवर 21 अगस्त को मॉस्को समयानुसार सुबह सवा 9 बजे और भारतीय समयानुसार सुबह पौने 12 बजे शिखर पर पंहुची और अभियान पूरा किया। पूनम कंवर वर्तमान में रेलवे सुरक्षा विशेष बल की 16 वीं वाहिनी आसनपोल में तैनात है। इससे पहले पूनम कंवर 2024 में अफ्रीका की सबसे ऊंची चोटी माउंट किलिमंजारो (19341 फीट) और 2025 में आस्ट्रेलिया की सर्वोच्च चोटी माउंट कोजियोस्को (7310 फीट) भी फतह कर चुकी है। पूनम कंवर ने बताया कि वे दो वर्षों से बेसिक व एडवांस पर्वतारोहण प्रशिक्षण ले रही थी। लगातार अभ्यास और प्रशिक्षण के बाद उन्होंने पहले किलिमंजारो और अब एल्ब्रुस अभियान में सफलता हासिल की है।

## जन्माष्टमी महोत्सव को लेकर बैठक आयोजित



निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** केसीसी के सनातन धर्म मंदिर में रविवार देर शाम जन्माष्टमी महोत्सव को लेकर श्री सनातन धर्म समिति के पदाधिकारियों की बैठक समिति अध्यक्ष सवाईसिंह सिराधना की अध्यक्षता में हुई। बैठक में महोत्सव की तैयारियों को लेकर चर्चा कर कार्यक्रम को सफल बनाने की रणनीति तय की गई। समिति अध्यक्ष सवाईसिंह सिराधना ने बताया कि 4 सितंबर को सनातन धर्म मंदिर में जन्माष्टमी महोत्सव मनाया जाएगा। महोत्सव के दौरान संजय जिंदड़ के नेतृत्व में कृष्ण लीला का मंचन किया जाएगा। इसके साथ ही भगवान श्रीकृष्ण के जीवन लीलाओं पर आधारित सात जीवंत झांकियां एवं बच्चों द्वारा 21 फीट उंचाई पर मखन की मटकी फोड़ना आकर्षण का केंद्र रहेंगी। महोत्सव की व्यवस्थाओं को सूचारू रूप से देखने के लिए समिति के अलग-अलग पदाधिकारियों एवं सदस्यों को जिम्मेदारियां सौंपी। बैठक में कार्यक्रम की व्यवस्थाओं, झांकियों और अन्य तैयारियों को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। इस मौके पर समिति महामंत्री अभिषेक पारीक, कोषाध्यक्ष संतोष, उपाध्यक्ष राजेश डांढेल, विमल शर्मा, आलोक जैदिया, राजकुमार टेलर, संजय जिंदड़, श्यामसिंह चौहान, राजेश दौचानिया, राधाकृष्ण, दीपक मोदी, विजय कुमार, नरेश मीणा, विकास शर्मा, उत्तम सोलंकी, राजेश नारवाल, बेला जोशी, रेखा सैनी सहित समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद थे।

## पोकर की आड़ में जुआघर का खुलासा : मैनेजर समेत 7 गिरफ्तार



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी के पॉश सी-स्कीम इलाके में पोकर गेम की आड़ में चल रहे जुआघर का अशोक नगर थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम डीएसटी ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए कंपनी के कार्यालय में दबिश देकर मैनेजर समेत सात लोगों को ताश के पत्तों और कॉइन्स से हार-जीत का दांव लगाते गिरफ्तार किया। पुलिस उपायुक्त दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि पुलिस टीम ने सी-स्कीम स्थित कमला मार्ग के जी-22 बी में माया गेमिंग एंड टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के कार्यालय पर छापा मारा। यहां पोकर को स्किल गेम बताकर जुए का संचालन किए जाने की जानकारी सामने आई। पुलिस ने मौके से 1.07 लाख रुपए नकद, 5300 कॉइन/टोकन, नौ गड्डी ताश, 200 बैंड और 150 मेंबरशिप कार्ड बरामद किए। पुलिस के अनुसार कंपनी के प्रतिनिधि स्किल गेम की आड़ में लोगों से पैसों की हार-जीत का दांव लगवा रहे थे। पुलिस ने भव्य माहेश्वरी 27 निवासी विद्युत नगर, चित्रकूट, जयपुर, दीपक सिंह मीणा 34 निवासी चकरोल, जगतपुरा, कौशल शाह 29 निवासी विप्री, चेन्नई, अजय जोशी 21 निवासी कंचनपुर, नेपाल, आशीष दीवान जैन 29 निवासी हॉस्पिटल रोड, जयपुर, ऋषभ बज जैन 35 निवासी नालंदा विहार, दुर्गापुरा और प्रेम सिंह मोडई 30 निवासी शांति नगर, बागमती, काठमांडू, नेपाल को गिरफ्तार किया। पुलिस ने कंपनी और आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। मामले में जुआघर के संचालन, कंपनी की भूमिका और इससे जुड़े अन्य लोगों के संबंध में जांच की जा रही है।

## खेतान को सौंपी महिला जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी

सपना शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन महिला जिला इकाई सीकर द्वारा संगठन को नई ऊर्जा एवं सक्रियता प्रदान करने के उद्देश्य से कार्यकारिणी के विस्तार का क्रम निरंतर जारी है। महिला जिलाध्यक्ष मेघा अग्रवाल (पटवारी) के नेतृत्व में संगठन को मजबूत बनाने तथा समाज की अधिकाधिक महिलाओं को संगठनात्मक गतिविधियों से जोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में स्नेहा खेतान को अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन महिला जिला इकाई सीकर में जिला उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। यह नियुक्ति प्रदेश नेतृत्व की सहमति एवं मार्गदर्शन में की गई। महिला जिलाध्यक्ष मेघा अग्रवाल ने स्नेहा खेतान को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई देते हुए कहा कि संगठन में सक्रिय, समर्पित एवं योग्य महिलाओं को आगे लाकर उन्हें जिम्मेदारियां प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि स्नेहा खेतान अपनी सक्रियता एवं अनुभव के माध्यम से महिला संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के साथ समाजसेवा एवं महिला सशक्तिकरण के कार्यों को गति प्रदान करेगी। नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष स्नेहा खेतान को जिला चेयरपर्सन किरण खेतान, सोनू पोद्दार, सुनीता पटवारी, किरण चिरानिया, जिला चेयरमैन अमित चिरानिया, जिला उपाध्यक्ष सज्जन अग्रवाल, मीडिया प्रभारी रोहन अग्रवाल, जितेंद्र खेतान, कमल पटवारी, नवरंग लाल अग्रवाल सहित समाज के अनेक गणमान्यजनों एवं महिला पदाधिकारियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

## कांवड़ियों का किया स्वागत



अमित प्रजापत

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय श्रीराम नगर स्थित गायत्री मंदिर में श्री बालाजी युवा मित्र संघ सुजानगढ़ के डाक कांवड़ियों का स्वागत किया गया। मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में कांवड़ियों का हीरालाल नाथ, बन्ने सिंह, रूपाराम जांगिड़, प्रभु बावरी आदि ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस दौरान कांवड़ियों के यात्रा वृतांतों के बारे में भी स्वागतकर्ताओं ने चर्चा की।

# नोखा निकाय चुनाव से पहले भाजपा का बड़ा ऐलान, परिवारवाद की चर्चाओं पर लगा विराम

### प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष बिहारीलाल बिश्नोई बोले-मेरे परिवार का कोई सदस्य नहीं लड़ेगा चुनाव, मूल ओबीसी वर्ग से होगा पालिकाध्यक्ष

श्रीराम तिवाड़ी



**नोखा ( नवयत्न )।** नगर पालिका चुनाव को लेकर नोखा में राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। भाजपा की ओर से आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बिहारीलाल बिश्नोई ने निकाय चुनाव को लेकर महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि इस बार उनके परिवार का कोई भी सदस्य नगर पालिका चुनाव नहीं लड़ेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि नोखा नगर पालिका का पालिकाध्यक्ष इस बार मूल ओबीसी वर्ग से होगा। बिश्नोई के इस बयान को पिछले दिनों उनकी धर्मपत्नी अलका बिश्नोई के चुनाव लड़ने को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच बेहद महत्वपूर्ण राजनीतिक घोषणा माना जा रहा है। लंबे समय से राजनीतिक गलियारों में चर्चा थी कि अलका बिश्नोई नगर पालिका चुनाव में भाजपा के टिकट पर मैदान में उतर सकती हैं और पालिकाध्यक्ष पद की प्रबल दावेदार हो सकती हैं। ऐसे में बिहारीलाल बिश्नोई द्वारा अपने परिवार के किसी सदस्य के चुनाव नहीं लड़ने की घोषणा ने इन चर्चाओं पर फिलहाल विराम लगा दिया है।

#### बिश्नोई के बयान से भाजपा को मिलेगी नई ऊर्जा

राजनीतिक विश्लेषकों और स्थानीय कार्यकर्ताओं के बीच बिश्नोई के इस बयान को लेकर अलग-अलग चर्चाएं शुरू हो गई हैं। भाजपा में लंबे समय से चल रही अंदरूनी चर्चाओं और संभावित दावेदारियों के बीच यह घोषणा संगठन के लिए संजीवनी बूटी का काम कर सकती है। कार्यकर्ताओं के एक वर्ग का मानना है, कि परिवार के चुनाव नहीं लड़ने का स्पष्ट ऐलान पार्टी के भीतर टिकट को लेकर चल रही अटकलों को कम करेगा और कार्यकर्ताओं को चुनावी मैदान में सक्रिय भूमिका निभाने का अवसर देगा। ऐसे में माना जा रहा है कि बिश्नोई का यह बयान नोखा भाजपा में नई जान डाल सकता है। और कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर चुनावी तैयारी में जुटने का संदेश दे सकता है। साथ ही मूल ओबीसी वर्ग से पालिकाध्यक्ष बनाए जाने की घोषणा ने चुनावी समीकरणों को और दिलचस्प बना दिया है। अब भाजपा के भीतर ओबीसी वर्ग के संभावित दावेदारों को लेकर चर्चाएं तेज होने की संभावना है।

#### 45 वार्डों से पहुंचे सैकड़ों कार्यकर्ता

भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन में नोखा नगर पालिका के सभी 45 वार्डों से बड़ी संख्या में महिलाए पुरुष एवं युवा कार्यकर्ता शामिल हुए। सम्मेलन में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की मौजूदगी ने निकाय चुनाव को लेकर भाजपा की तैयारियों का संकेत दिया। सम्मेलन में भाजपा देहात जिलाध्यक्ष श्याम पंचारिया, पूर्व विधायक अशोक नागपाल, पूर्व पालिकाध्यक्ष श्रीनिवास झंवर, चुनाव प्रभारी सुनील यादव, प्रदेश देहात उपाध्यक्ष महेश झंवर, व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुनील झंवर, निर्मल भूरा, डॉ. महेंद्र संचेती, आसकरण भट्टड़ तथा शहर भाजपा अध्यक्ष गंगाराम पारीक सहित अनेक वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसके अलावा सुरेंद्र भट्टड़, जेठू सिंह राजपुरोहित, जगदीश भार्गव, कालू भार्गव, रमेश नाथ, मोहन लाल राठी, मोडाराम सिवर, पुखराज पंचारिया, राधेश्याम लखोटिया, पुखराज सुथार, संपत चौरड़िया, नरसी लखारा, निर्मल चोपड़ा, बाबूलाल बुच्चा, नरेंद्र राजपुरोहित, सुनील पूनिया, अमित गोयल, देवकिशन पंडित, सुनील जाखड़, सुनील बिश्नोई, रामनिरंजन जोशी, एडवोकेट दिनेश छीपा, एडवोकेट लालचंद छीपा, मंगलाराम पंडित, मनोज पंडित, ओमप्रकाश पंडित, जयनारायण पंडित, राजेंद्र पंडित, मदनलाल मांकड़, हनुमान सिंह राजपुरोहित, रविंद्र भार्गव, मदनलाल जाट, करणीदान दर्जी, रामनिवास माचरा वकील, हरिकिशन लखारा, मालाराम नाई, सुरेश गहलोत, प्रिंस शर्मा, श्रीकृष्ण शर्मा, रामनिवास बिश्नोई, झिशपाल फौजी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

#### विकास मंच के निवर्तमान पार्षद देव किशन जोशी भाजपा में शामिल

कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान विकास मंच के निवर्तमान पार्षद देव किशन जोशी ने अपने वार्ड के कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। उनके भाजपा में शामिल होने को निकाय चुनाव से पहले संगठन के विस्तार और स्थानीय राजनीतिक समीकरणों के लिहाज से महत्वपूर्ण घटनाक्रम माना जा रहा है। देव किसन जोशी के साथ कार्यकर्ताओं के भाजपा में आने से पार्टी को वार्ड स्तर पर मजबूती मिलने का दावा किया गया। वहीं, चुनाव से पहले इस राजनीतिक बदलाव ने नोखा के स्थानीय सियासी समीकरणों को लेकर चर्चाओं को भी तेज कर दिया है।

#### चुनावी मैदान में भाजपा का संदेश साफ

कार्यकर्ता सम्मेलन, परिवार के किसी सदस्य के चुनाव नहीं लड़ने की घोषणा और विकास मंच के निवर्तमान पार्षद के भाजपा में शामिल होने से पार्टी ने नोखा निकाय चुनाव को लेकर अपनी सक्रियता स्पष्ट कर दी है। भाजपा के सामने अब सबसे बड़ी चुनौती 45 वार्डों में मजबूत प्रत्याशियों का चयन, संगठन के भीतर संभावित दावेदारों के बीच समन्वय और ओबीसी वर्ग से पालिकाध्यक्ष पद के लिए मजबूत चेहरे को लेकर होगी। फिलहाल बिहारीलाल बिश्नोई के बयान ने नोखा की राजनीति में नई चर्चा छेड़ दी है। अब देखना होगा कि यह घोषणा भाजपा संगठन और कार्यकर्ताओं में कितना उत्साह भरती है। और आगामी निकाय चुनाव में इसका राजनीतिक असर किस रूप में सामने आता है।

# हलवाई कैटरर्स समिति चुनाव : हनुमान गुर्जर के समर्थन में लामबंद हुए सदस्य

### नामांकन में उमड़ा जनसैलाब, चुनावी मुकाबला हुआ रोचक

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर हलवाई कैटरर्स कल्याण समिति के वार्षिक चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई हैं। 2 सितंबर को जनउपयोगी भवन आरपीए रोड पर जयपुर में होने वाले इस चुनाव में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी हनुमान गुर्जर का पलड़ा फिलहाल भारी नजर आ रहा है। नामांकन के दौरान बड़ी संख्या में समिति सदस्यों और समर्थकों की मौजूदगी ने गुर्जर के बढ़ते समर्थन का संकेत दिया। गौरतलब है कि अध्यक्ष पद पर हनुमान गुर्जर और रामेश्वर कसाना के बीच मुकाबला है। इसी कडी में सोमवार को जय क्लब एमआई रोड के पास गोकुल निवास मैरिज गार्डन में हनुमान गुर्जर के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन हुआ। इसके बाद गुर्जर समर्थकों के साथ ढोल-ताशों की धुन पर रैली के रूप में समिति कार्यालय पहुंचे और नामांकन दाखिल किया। जहां रास्ते में सांगानेर, ट्रांसपोर्ट नगर, राजा पार्क और जौहरी बाजार सहित विभिन्न क्षेत्रों में समिति से जुड़े लोगों ने उनका स्वागत किया। समर्थकों की मौजूदगी और उत्साह को गुर्जर के पक्ष में बढ़ते समर्थन के तौर पर देखा जा रहा है।

#### लगातार संपर्क में जुटे समर्थक

नामांकन के बाद हनुमान गुर्जर और उनके समर्थक समिति सदस्यों से लगातार संपर्क कर समर्थन जुटाने में लगे हैं। अलग-अलग क्षेत्रों में हुए स्वागत कार्यक्रमों और नामांकन के दौरान जुटी भीड़ ने चुनावी माहौल को और गरमा दिया है। समिति के सदस्यों के बीच गुर्जर की सक्रियता और उनके मुद्दों को लेकर चर्चा तेज हो गई और

#### सदस्यों की समस्याओं को प्राथमिकता का भरोसा

हनुमान गुर्जर ने कहा कि वे चुनाव किसी व्यक्तिगत पद के लिए नहीं, बल्कि समिति सदस्यों के भरोसे और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हलवाई और कैटरिंग से जुड़े कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता होगी। गुर्जर ने रात के समय काम करने वाले कर्मचारियों की परेशानियों का उल्लेख करते हुए हलवाई कारखानों के संचालन का समय रात 12 बजे तक निर्धारित कराने के लिए प्रयास करने की बात कही। साथ ही समिति के किसी सदस्य के साथ दुर्घटना होने पर बीमा व्यवस्था सुनिश्चित कराने का भी भरोसा दिलाया।

अध्यक्ष पद की दौड़ में हनुमान गुर्जर आगे नजर आ रहे है। इस अध्यक्ष पद पर मुकाबला अब दो प्रत्याशियों के बीच है। लेकिन नामांकन के दौरान दिखाई दिया समर्थन और विभिन्न क्षेत्रों में हुए स्वागत से गुर्जर की मजबूत स्थिति के संकेत मिल रहे हैं। हालांकि अंतिम फैसला 2 सितंबर को मतदान के बाद ही होगा।

## तारानगर प्रीमियर लीग नाईट टूर्नामेंट में जेएएस इलेवन स्टार रही विजेता



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** तारानगर कस्बे में बालाजी पक्का जोहड़ मंदिर के सामने खेल मैदान पर आयोजित तारानगर प्रीमियर लीग नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट में जेएएस एलेवन स्टार विजेता रही। आयोजनकर्ताओं ने बताया कि ऑक्शन आधारित लीग में कुल आठ टीमों ने भाग लिया। लीग का फाइनल मैच जेएएस इलेवन स्टार एवं देशी बॉयज नेठवा के मध्य खेला गया।

जेएएस के कप्तान जयनारायण सिहाग ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। जेएएस टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में सुरेन्द्र जोड़ी के शानदार 72 रनों की बदौलत 140 रन बनाए जिसके जवाब में देशी बायज नेठवा टीम 119 रन ही बना सकी। जेएएस के रमेश झांसल 4 विकेट लेकर और 35 रन बनाकर फाइनल मैच में मैन ऑफ द मैच रहे। टूर्नामेंट में मैन ऑफ द सीरीज सुनील झारिया, बेस्ट बल्लेबाज ओम सिंह एवं बेस्ट बॉलर प्रदीप सुथार रहे। टूर्नामेंट समापन समारोह के मुख्य अतिथि अलबेला खान ने विजेता टीम जेएएस इलेवन स्टार को 61 हजार रूपए नकद व ट्राफी तथा उपविजेता देशी बॉयज नेठवा को 31 हजार नकद व ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया।

इस मौके पर आयोजन समिति के सदस्य इमरान जेडी, सद्दाम हुसैन, इमरान खोखर, महिपाल कस्वा, ताहिर, अब्दुल हमीद, साबिर लूहार, अयुब, महमूद, मुरारी शर्मा, अरविंद भामी, जयनारायण, सतीश बुंदेला, केहरसिंह गोदारा, हनुमान सामोता, अशोक शर्मा, दाऊद लुहार, योगेश वर्मा, साबिर जिंद्राण, श्रवण, बिलाल, अशरफ आदि अनेक गणमान्य तथा खिलाड़ी मौजूद थे।

## राजधानी में दोपहर बाद बदला मौसम, बारिश से गर्मी-उमस से मिली राहत



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी जयपुर में सोमवार को सुबह से तेज गर्मी और उमस के बाद दोपहर बाद मौसम का मिजाज अचानक बदल गया। करीब ढाई से तीन बजे के बीच शहर के कई इलाकों में बारिश हुई। अचानक हुई बारिश से तापमान में गिरावट आई और गर्मी से परेशान लोगों ने राहत की सांस ली। बारिश के बाद कुछ समय के लिए मौसम सुहाना हो गया और ठंडी हवाओं से वातावरण में ठंडक महसूस हुई। सुबह से ही तेज धूप के कारण लोग गर्मी और उमस से परेशान थे। दोपहर बाद आसमान में अचानक बादल छाने लगे और कुछ ही देर में बारिश शुरू हो गई। बारिश के चलते सड़कों पर आवाजाही कर रहे लोगों को बचने के लिए आसपास की दुकानों और अन्य स्थानों का सहारा लेना पड़ा। वहीं, कई लोग बारिश का आनंद लेते भी नजर आए। शहर के विभिन्न इलाकों में हुई बारिश के बाद मौसम में बदलाव साफदिखाई दिया। लंबे समय से गर्मी और उमस झेल रहे लोगों के लिए बारिश राहत लेकर आई। हालांकि बारिश का दौर बहुत ज्यादा देर तक नहीं चलाए लेकिन इससे तापमान में कमी महसूस हुई। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार जयपुर में सोमवार को हल्की बारिश और बूंदाबांदी के आसार जताए गए थे। विभाग के अनुसार जयपुर में अधिकतम तापमान करीब 35 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान था। आगामी दिनों में भी जयपुर सहित आसपास के क्षेत्रों में बादल छाए रहने तथा कुछ स्थानों पर हल्की बारिश होने की संभावना बनी हुई है।

# गोदारा की स्मृति में बनेगा विद्यालय का मुख्य प्रवेश द्वार, भामाशाह परिवार ने रखी नींव

श्रीराम तिवाड़ी



**नोखा ( नवयत्न )।** राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय, नोखागाँव में सोमवार को विद्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार के निर्माण कार्य का भूमि पूजन कर नींव रखी गई। गांव के पूर्व सरपंच एवं समाजसेवी भामाशाह स्व. चौधरी भीयाराम गोदारा की स्मृति में उनके परिवार द्वारा विद्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार का निर्माण करवाया जाएगा। परिवार अपने निजी कोष से करीब 2.25 लाख रुपये खर्च करेगा। विद्यालय की प्रधानाचार्य मधुमालती पालीवाल ने बताया कि स्व. चौधरी भीयाराम गोदारा शिक्षा के महत्व को समझने वाले समाजसेवी एवं भामाशाह थे। उन्होंने वर्ष 1992 में इस विद्यालय की नींव राजकीय संस्कृत प्राथमिक विद्यालय के रूप में रखी थी। इसके बाद विद्यालय वर्ष 2004 में उच्च प्राथमिक, वर्ष 2010 में प्रवेशिका संस्कृत तथा वर्ष 2025 से वरिष्ठ उपाध्याय कक्षा 12वीं के रूप में निरंतर प्रगति करता रहा है। उन्होंने कहा कि स्व. गोदारा की स्मृति को चिरस्थायी बनाने और विद्यालय के सौंदर्यीकरण में योगदान देने के उद्देश्य से उनके परिवार द्वारा मुख्य प्रवेश द्वार का निर्माण करवाया जा रहा है। उन्होंने इस पुनीत कार्य के लिए भामाशाह परिवार का आभार व्यक्त किया। भामाशाह परिवार के सामाजिक कार्यकर्ता मुरली गोदारा ने कहा कि उनके दादाजी स्व. चौधरी भीयाराम गोदारा शिक्षा को सदैव प्राथमिकता देते थे। उनका मानना था कि शिक्षा के माध्यम से ही समाज और गांव का सर्वांगीण विकास संभव है। आज वे हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनकी स्मृति और शिक्षा के प्रति उनके समर्पण को जीवंत रखने के उद्देश्य से परिवार ने विद्यालय के मुख्य द्वार के निर्माण का निर्णय लिया है। मुरली गोदारा ने कहा कि विद्यालय के विकास और विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए परिवार भविष्य में भी हरसंभव सहयोग करता रहेगा। भूमि पूजन कार्यक्रम में भामाशाह परिवार के जगराम गोदारा, खेराजराम गोदारा, हरिराम गोदारा, गोपालराम गोदारा, सरपंच पुरखाराम देपन, पीईईओ डॉ. सुशीला बारूपाल, रामूराम गोदारा, मघाराम तरड़, वार्ड पंच शेराराम सियाग, नरसीराम गोदारा, पाबूराम तरड़, दुलाराम गोदारा, भागीरथ कुम्हार, लाधुराम गोदारा, भंवरलाल सियाग, रामलाल भाम्भू, चंपाराम सियाग, जेठाराम गोदारा, गिरधारी मेघवाल, जयकिशन बैरड़ सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, विद्यालय स्टाफ एवं गोदारा परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार एवं ग्रामीणों ने भामाशाह परिवार द्वारा किए जा रहे इस पुनीत एवं अनुकरणीय कार्य की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने कहा कि ऐसे सामाजिक एवं शैक्षणिक कार्य आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनते हैं।

# गर्ल्स कॉलेज के बाहर शौचालय का गंदा पानी सड़क पर...

## छात्राओं को मुंह ढककर गुजरना पड़ रहा



बाबूलाल वर्मा

### नगर परिषद की लापरवाही : खुले नाले को सीवरेज से नहीं जोड़ने के कारण फैला संक्रमण का खतरा, लोगों में रोष

**झुंझुनूं (नवयत्न)।** मंडावा मोड़ स्थित महर्षि दयानंद गर्ल्स कॉलेज के बाहर सार्वजनिक शौचालय का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। शौचालय का नाला सीवरेज लाइन से नहीं जुड़ा होने के कारण पेशाब और दूषित पानी खुले रास्ते पर फैल रहा है। कॉलेज के मुख्य रास्ते पर बनी इस स्थिति से छात्राओं, राहगीरों और आसपास के दुकानदारों को परेशानी हो रही है। सड़क पर लगातार गंदा पानी बहने से पूरे क्षेत्र में तेज दुर्गंध फैल रही है। छात्राओं और राहगीरों को बदबू से बचने के लिए मुंह ढककर निकलना पड़ रहा है। आसपास के दुकानदारों का कहना है कि दुकान पर बैठना तक मुश्किल हो गया है। लोगों ने नगर परिषद की कार्यशैली पर नाराजगी जताते हुए तत्काल समाधान की मांग की है। स्थानीय दुकानदार विकास भांबू ने बताया कि सार्वजनिक शौचालय के निर्माण के समय ही उसके नाले को मुख्य सीवरेज लाइन से जोड़ा जाना चाहिए था। ऐसा नहीं होने के कारण शौचालय का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। उनका कहना है कि नगर परिषद की अनदेखी से समस्या लगातार बढ़ रही है।

**संक्रमण का खतरा, सफाई की मांग**–स्थानीय लोगों का कहना है कि खुले में गंदा पानी बहने से मच्छर और गंदगी बढ़ रही है। इससे संक्रमण फैलने का खतरा भी बना हुआ है। दुकानदारों और छात्राओं ने नगर परिषद से नाले को तुरंत सीवरेज लाइन से जोड़ने, सड़क पर जमा गंदे पानी की सफाई कराने और समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की है।

## गोगाजी मंदिर जा रही 75 वर्षीय महिला को क्रेन ने कुचला, मौत

निसं



**खेतड़ी (नवयत्न)।** मेहाड़ा क्षेत्र में सोमवार सुबह सड़क किनारे पैदल गोगाजी मंदिर जा रही 75 वर्षीय महिला को पीछे से आई क्रेन ने टक्कर मार दी। हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। आसपास के लोग उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डाक्टरों ने ने मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार मेहाड़ा निवासी बिरमा देवी (75) पत्नी बदलूराम सुबह करीब 10 बजे घर से गोगाजी मंदिर जाने के लिए निकली थी। वह सड़क किनारे पैदल जा रही थी। इसी दौरान पीछे से आई क्रेन ने उसे टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर खेतड़ी के राजकीय उप जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### बेटे ने क्रेन चालक पर लापरवाही का आरोप लगाया

मृतका के बेटे मालाराम ने खेतड़ी थाने में रिपोर्ट दी है। इसमें आरोप लगाया कि क्रेन चालक तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए सड़क किनारे जा रही उसकी मां को टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौत हो गई। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हादसे में शामिल क्रेन को जब्त कर लिया गया है। एएसआई बाबूलाल ने बताया कि क्रेन चालक के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है और हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

## श्रावण के अंतिम सोमवार शिवालयों में उमड़ी आस्था

निसं

**बिसाऊ (नवयत्न)।** श्रावण मास के अंतिम सोमवार को बिसाऊ के शिवालयों में दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ रही। गोगामेड़ी टीले स्थित गणेशनाथ आश्रम के सिद्धेश्वर महादेव का वरिष्ठ सर्जन डॉ. बजरंगलाल शर्मा ने सपत्नी रुद्राभिषेक किया। पंडित विकास पातुसरिया के आचार्यत्व और महंत रविनाथ के सानिध्य में दुग्ध, गन्ने के रस, दही व शहद से अभिषेक कर खीर का प्रसाद बांटा गया। नगर सेठ बुढ़िया महादेव मंदिर में कावड़ियों ने जलाभिषेक किया। बाइपास स्थित भूतनाथ मंदिर, 11 ज्योतिर्लिंग मंदिर और 132 फीट ऊंची नीलकंठ महादेव की प्रतिमा के दर्शन के लिए श्रद्धालु पहुंचे।

## बच्चों को संस्कारों के साथ देशहित को प्राथमिकता का संदेश दें : श्रीकांत



सुरेंद्र शर्मा

**झुंझुनूं (नवयत्न)।** एसएस मोदी विद्या विहार में पं. दीनदयाल उपाध्याय की स्मृति में सेमिनार आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ केंद्र, जयपुर के क्षेत्रीय बौद्धिक शिक्षण प्रमुख श्रीकांत रहे। विद्यालय समन्वयक मनीष अग्रवाल और प्राचार्य विजय मसीह ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। मां भारती के समक्ष दीप प्रज्वलन और वंदे मातरम् गान के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। मुख्य वक्ता श्रीकांत ने कहा कि किसी भी राष्ट्र की पहचान उसकी भाषा और संस्कृति से होती है। हमें अपनी भाषा और संस्कृति पर गर्व होना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज हिंदी बोलने और लिखने में भी लोग शुद्धता का ध्यान नहीं रखते। संस्कृत भी काफी हद तक मंत्रोच्चार तक सीमित होती जा रही है। उन्होंने कहा कि भाषा और संस्कार एक-दूसरे से जुड़े हैं। हमारी संस्कृति में गाली-गलौज का कोई स्थान नहीं है, इसलिए बच्चों को हमेशा शिष्ट और सौम्य भाषा का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को उदाहरणों के माध्यम से समझाया कि जीवन में सबसे पहले राष्ट्रहित को प्राथमिकता देनी चाहिए। श्रीकांत ने कहा कि शिक्षक और माता-पिता बच्चों के भले के लिए ही मार्गदर्शन करते हैं, इसलिए उनका सम्मान करना चाहिए। शिक्षक-शिष्य संबंध पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि बच्चों के जीवन को सही दिशा देने में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। विद्यार्थी विद्यालय में केवल किताबें पढ़ने नहीं, बल्कि जीवन को समझने और भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार होने आते हैं। विद्यालय समन्वयक मनीष अग्रवाल ने मुख्य वक्ता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय का प्रयास है कि विद्यार्थियों में शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार भी विकसित हों और यह प्रयास लगातार जारी रहेगा। मुंबई प्रवासी ट्रस्टी शशिकांत मोदी, गीलुराम मोदी, सौरभ मोदी, प्रियंक मोदी और कनिका मोदी ने सेमिनार की सफलता पर शुभकामनाएं दीं।

## जीबी मोदी के नित्यम और तेजस ने स्केटिंग में जीता गोल्ड, बास्केटबॉल में दूसरा स्थान



हर्ष सोनी

**झुंझुनूं (नवयत्न)।** बाकरा रोड स्थित जीबी मोदी विद्या मंदिर के विद्यार्थियों ने एसएस मोदी विद्या विहार में आयोजित चौथी स्वर्गीय श्री सूर्यकांत मोदी खेल-कूद प्रतियोगिता-2026 में शानदार प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम और द्वितीय स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। अंडर-11 आयु वर्ग की स्केटिंग प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र नित्यम ने 300 मीटर में प्रथम और 500 मीटर में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं अंडर-14 वर्ग में तेजस ने 500 मीटर और 1000 मीटर में प्रथम स्थान हासिल कर गोल्ड जीता। इसी वर्ग में सहज ने 1000 मीटर में द्वितीय और 1500 मीटर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंडर-14 छात्र वर्ग की बास्केटबॉल प्रतियोगिता में भी विद्यालय की टीम ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। इसी वर्ग में विद्यालय की छात्राओं ने भी प्रतियोगिता में भाग लेकर अच्छा प्रदर्शन किया। विद्यालय के सचिव श्रवण कुमार केजड़ीवाल और प्रधानाचार्य मनीष कुमार माटोलिया ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया और खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की।

## दुलचास स्कूल में 21 पौधे लगाए, वृक्ष मित्र का सम्मान



**बिसाऊ (नवयत्न)।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में सोमवार को पर्यावरण संरक्षण एवं जल बचाने के संदेश के साथ पौधारोपण व पौधा वितरण कार्यक्रम हुआ। ऑक्सीजन जन आंदोलन के संयोजक एवं वृक्ष मित्र श्रवण कुमार जाखड़ ने 'एक व्यक्ति, एक पेड़' अभियान के तहत विद्यार्थियों को 51 पौधे निःशुल्क वितरित किए। वहीं 21 छायादार व फलदार पौधे लगाए गए। इस दौरान 'वृक्षारोपण एवं जल संरक्षण' विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता हुई। विद्यालय स्टाफ व ग्रामवासियों ने श्रवण कुमार जाखड़ का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया। संस्था प्रधान संदीप चाहर ने विद्यार्थियों से पौधों की नियमित देखभाल करने और जल की एक-एक बूंद बचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सूबेदार प्रेम सिंह, शंकर दान, गिरधारी खोत, सुभाष जांगिड़, छोटेलाल, राजकुमार, वीरेन्द्र व प्रदीप सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

### भारू में शिक्षक खेल व सांस्कृतिक प्रतियोगिता शुरू

**मंडावा (नवयत्न)।** राउमावि भारू में सोमवार को दो दिवसीय तहसील स्तरीय शिक्षक क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। सीबीईओ मंडावा लोकेश कुमार मीणा ने ध्वजारोहण कर प्रतियोगिता की शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने जनप्रतिनिधि शशि भारू व प्रधानाचार्य दिनेश कुमार खीचड़ के साथ खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। शारीरिक शिक्षक पीयूष कुमार ने बताया कि मैच में निर्णायक की भूमिका पीयूष कुमार, पूनम चंद व योगेंद्र दूलड़ ने निभाई। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में शिक्षकों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में फुटबॉल, कबड्डी, खो-खो, बैडमिंटन, 100, 200 व 400 मीटर दौड़, ऊंची कूद और लंबी कूद सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। प्रतियोगिता का समापन समारोह मंगलवार को होगा।

## परिवार गुरुग्राम गया, पीछे से घर के ताले तोड़कर सोने - चांदी जेवरात और 60 हजार रुपए ले गए चोर

निसं



**खेतड़ी (नवयत्न)।** थाना क्षेत्र के ककराय गांव में परिवार के गुरुग्राम जाने के बाद चोर मकान के ताले तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात और करीब 60 हजार रुपए की नकदी चोरी कर ले गए। परिवार रविवार को वापस लौटा तो घर का सामान बिखरा मिला। अलमारी सहित अन्य जगहों के ताले टूटे देखकर चोरी का पता चला। पीड़ित अनिल कुमार ने खेतड़ी थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दी है। पीड़ित ने बताया कि वह परिवार के साथ गुरुग्राम गया हुआ था। परिवार के सदस्य रविवार सुबह करीब 10 से 11 बजे घर पहुंचे। अंदर जाने पर सामान अस्त-व्यस्त मिला। जांच करने पर अलमारी के ताले टूटे मिले और उसमें रखे सोने-चांदी के आभूषण व नकदी गायब थी। चोरी हुए सामान में चांदी की पायजेब, सोने के आभूषण, कानों के आभूषण सहित अन्य जेवरात बताए गए हैं। घटना की जानकारी आसपास के लोगों को देने के बाद पुलिस को सूचना दी गई और लिखित शिकायत दी गई।

### पुलिस जुटा रही साक्ष्य

थानाधिकारी बुद्धि प्रसाद ने बताया कि पीड़ित की शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। पुलिस चोरी की घटना से जुड़े साक्ष्य जुटाने के साथ अज्ञात आरोपियों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। घटना के बाद ग्रामीणों में भी चोरी की वारदात को लेकर चिंता है। लोगों ने पुलिस से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने की मांग की है।

# झुंझुनूं में भाजपा का चुनावी प्लान तैयार

## 60 वार्डों में जीत के लिए घर-घर जाएंगे कार्यकर्ता

सुरेंद्र शर्मा



**झुंझुनूं (नवयत्न)।** नगर परिषद चुनाव को लेकर भाजपा ने संगठन स्तर पर तैयारियां तेज कर दी हैं। सोमवार को मुनि आश्रम स्थित पटोदिया सभागार में पार्टी पदाधिकारियों, वार्ड प्रभारियों, संयोजकों और कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। इसमें सभी 60 वार्डों में भाजपा प्रत्याशियों की जीत का लक्ष्य तय किया गया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष हर्षिनी कुलहरी ने की। संभाग सह प्रभारी विजेंद्र पूनिया, विधायक राजेंद्र भाम्बू, जिला संगठन सह प्रभारी मुकेश गोयल, नगर परिषद चुनाव प्रभारी चेतन कुमावत और राकेश कुमार ने कार्यकर्ताओं को चुनाव की रणनीति के बारे में बताया। संभाग सह प्रभारी विजेंद्र पूनिया ने कहा कि टिकट वितरण में पूरी पारदर्शिता रखी जाएगी। पार्टी के लिए लगातार काम करने वाले निष्ठावान, कर्मठ और जीतने की क्षमता रखने वाले कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता मिलेगी। इसके लिए सभी वार्डों में आंतरिक सर्वे कराया जा रहा है। सर्वे के आधार पर मजबूत और जनता के बीच पकड़ रखने वाले उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा। विधायक राजेंद्र भाम्बू ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और विधानसभा क्षेत्र में हुए विकास कार्यों को लेकर कार्यकर्ता घर-घर जाएं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की एकजुट मेहनत से सभी 60 वार्डों में भाजपा का कमल खिलेगा। पूर्व जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी, जगदीश खाजपुरिया, मंडल अध्यक्ष कमल कांत शर्मा और बिजेंद्र सिंह ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। बैठक में जिला महामंत्री दलीप सैनी, राजकुमार मोरवाल, आईटी जिला संयोजक सौरभ सोनी, राकेश सहल, निवर्तमान पार्षद कुलदीप पूनिया, प्रमोद जानू, बुधराम सैनी, विजय कुमार सैनी, विनोद जांगिड़, संजय पारीक, संदीप चांवरिया, अशोक प्रजापति, महेश जीनगर, ताराचंद सैनी सहित प्रदेश, जिला और मंडल स्तर के पदाधिकारी, वार्ड प्रभारी व संयोजक मौजूद रहे।

### दावेदारों से लिए आवेदन

निकाय चुनाव संयोजक विपुल छक्कड़ और सह संयोजक संदीप गोयल ने पार्षद का चुनाव लड़ने के इच्छुक कार्यकर्ताओं से आवेदन लिए। जिलाध्यक्ष हर्षिनी कुलहरी ने कार्यकर्ताओं से सभी वार्डों में मजबूती से चुनाव लड़ने और जीत के लक्ष्य के साथ काम करने का आह्वान किया। मंच संचालन जिला प्रवक्ता संजय मोरवाल ने किया। शहर मंडल अध्यक्ष कमल कांत शर्मा ने आभार जताया।



## मोरपंख, जगन्नाथ और तिरंगे से सजी राखियां, बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

निसं

**मंडावा (नवयत्न)।** आदर्श विद्या मंदिर विद्यालय में राखी निर्माण प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया और अपनी रचनात्मकता व कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने भारतीय संस्कृति, देशभक्ति और भाई-बहन के प्रेम को दर्शाते हुए आकर्षक हस्तनिर्मित राखियां तैयार की। भगवान जगन्नाथ, श्रीकृष्ण के मोरपंख और देशभक्ति की थीम पर बनाई गई राखियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में संस्था निदेशक अभिषेक तेतरवाल, मंडावा नगर पालिका के वरिष्ठ प्रारूपकार आनंद बिहारी सोलंकी और वरिष्ठ अध्यापिका अंजू कुर्मी शामिल रहे। निर्णायकों ने विद्यार्थियों की कलात्मक सोच, मौलिकता और मेहनत की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। प्रधानाचार्य मुकेश कुमार स्वामी ने कहा कि ऐसी सह-शैक्षिक गतिविधियों से विद्यार्थियों की कल्पनाशीलता विकसित होती है। साथ ही, विद्यार्थी अपनी संस्कृति और परंपराओं से भी जुड़ते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में काजल शेखावत सहित विद्यालय स्टाफ का सहयोग रहा।

## भागवत कथा के समापन पर रातभर गूंजे श्याम भजन, श्रद्धालु झूमते रहे

निसं



**खेतड़ी (नवयत्न)।** उपखंड के नालपुर स्थित श्री श्याम मंदिर में सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का सोमवार को हवन-पूजन और पूर्णाहुति के साथ समापन हुआ। पंडित रामभरोस व महेंद्र शास्त्री के सानिध्य में ग्रामीणों ने हवन यज्ञ में आहुतियां देकर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। कथावाचक पंडित रामभरोस व महेंद्र शास्त्री ने श्रीमद्भागवत महापुराण की महिमा बताते हुए भगवान श्रीकृष्ण के आदर्शों पर चलने का संदेश दिया। उन्होंने धर्म, सेवा, सदाचार और मानव कल्याण को जीवन में अपनाने की बात कही। कथा के अंतिम दिन श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर परिवार और समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। रात्रि में श्री श्याम जागरण हुआ। सुप्रसिद्ध भजन गायकों ने बाबा श्याम के भजनों की प्रस्तुतियां दीं। 'हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा' सहित अन्य भजनों पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे। मंदिर परिसर को फूलों और आकर्षक रोशनी से सजाया गया था। समापन पर प्रसाद वितरण और भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन समिति व ग्रामवासियों ने सहयोग करने वाले श्रद्धालुओं, भामाशाहों, स्वयंसेवकों और प्रशासन का आभार जताया। इस दौरान कृष्ण बंसल, देशराम, माडूराम, घनश्याम, अशोक कुमार, सुरेश कुमार, महेंद्र बंसल, शंकरलाल, राजू, प्रदीप कुमार, सत्येंद्र चौधरी, बिमला देवी, राजकला, संतरा देवी, संतोष देवी, सुशीला देवी, सोमवती देवी सहित आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

### सावन में मुरलेश्वर महादेव मंदिर में गूंजे मंत्र, रुद्राभिषेक में उमड़े श्रद्धालु

**बगड़ (नवयत्न)।** सावन के महीने में निमड़ी स्टैंड के पास स्थित मुरलेश्वर महादेव शिव मंदिर में सोमवार सुबह तड़के से ही शिवभक्तों की भीड़ रही। मंदिर में प्रतिदिन रुद्राभिषेक का आयोजन किया जा रहा है। पुजारी कपिल व्यास ने बताया कि सोमवार को आचार्य पंडित संजय महर्षि के आचार्यत्व में रुद्राभिषेक हुआ। इसमें भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने पूजा-अर्चना की। मंदिर में महाकालेश्वर महादेव के दरबार की सजीव झांकी का विशेष श्रृंगार किया गया। मंदिर में इससे पहले शिव विवाह कथा का आयोजन भी हो चुका है। मंदिर परिसर में नियमित रूप से भजनों का आयोजन किया जाता है।

## सम्पादकीय

# चीनी के बाद प्याज महंगा




केंद्र सरकार के लिए यह चिंता का विषय बनना चाहिए कि चीनी के बढ़ते दामों के बीच प्याज के दामों में भी अप्रत्याशित तरीके से वृद्धि हो रही है। पिछले कई वर्षों में बरसात के मौसम में प्याज की आपूर्ति में कमी और उसके चलते उसके मूल्यों में वृद्धि देखने को मिली है, लेकिन यह ठीक नहीं कि रह-रहकर ऐसा हो। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग को आवश्यक खाद्य सामग्री की आपूर्ति में कमी का आकलन समय रहते करना चाहिए।

इसके अतिरिक्त, उसे ऐसे उपाय भी करने चाहिए, जिनसे बार-बार एक जैसे कारणों से प्याज अथवा अन्य सब्जियों की किल्लत न पैदा होने पाए। इसमें आसानी तब होगी, जब केंद्र सरकार राज्यों के संपर्क में रहेगी और आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति की सतत निगरानी करेगी। सब्जियों अथवा अनाज के उत्पादन में कमी होने जा रही है, यह पहले से ही स्पष्ट हो जाता है। उचित यही है कि जैसे ही किसी फसल के उत्पादन में कमी के आसार नजर आएं, केंद्र सरकार को आवश्यक उपाय कर लेने चाहिए।

सरकारों को इसका आभास होना चाहिए कि जब एक बार किसी आवश्यक वस्तु की आपूर्ति में कमी हो जाती है और उसके मूल्य बढ़ने लगते हैं तो फिर उन पर लगाम लगाना आसान नहीं होता, क्योंकि मुनाफाखोर एवं जमाखोर सक्रिय हो जाते हैं। देखना है कि सरकार प्याज के बफर स्टाक को सीधे थोक बाजार में उपलब्ध कराने के जो उपाय करने जा रही है, वे कितने प्रभावी सिद्ध हो पाते हैं? सरकारों को इससे अनभिज्ञ नहीं होना चाहिए कि प्याज जैसी आवश्यक वस्तु के मूल्यों में वृद्धि प्रतिकूल राजनीतिक माहौल बनाने का कारण बनती है और कभी-कभी तो वह चुनावों को भी प्रभावित करती है।

समस्या केवल यह नहीं है कि पहले चीनी के दाम बढ़े और अब प्याज के मूल्य बढ़ गए। समस्या यह है कि आने वाले दिनों में कुछ सब्जियों और खाद्य तेल के मूल्य भी बढ़ने की आशंका है। यदि ऐसा होता है तो महंगाई बढ़ेगी और उससे आम आदमी प्रभावित होगा। यह सही समय है कि सरकार उस तंत्र को दुरुस्त करे, जिस पर आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति की निगरानी रखने का दायित्व होता है। यह ठीक है कि कभी-कभार कुछ आवश्यक वस्तुओं की कमी इसलिए हो जाती है, क्योंकि उसकी आपूर्ति आयात पर निर्भर करती है और अंतरराष्ट्रीय बाजार में उस वस्तु के मूल्य बढ़ जाने से उसे महंगे दामों पर आयात करना पड़ता है। इस सबके बावजूद यह तो देखा ही जाना चाहिए कि आखिर कृषि प्रधान देश होते हुए भी भारत को दालों और खाद्य तेलों का आयात क्यों करना पड़ता है? यह ठीक नहीं कि दलहन और तिलहन का उत्पादन बढ़ाने के जो प्रयास किए गए, वे रंग लाते नहीं दिख रहे हैं। आज जब आत्मनिर्भरता की बातें हो रही है तो दलहन-तिलहन के उत्पादन को बढ़ाने पर ध्यान दिया जाना अत्यंत आवश्यक है।

## विशेष आलेख

# बांग्लादेश से बेहतर संबंधों की अनिवार्यता

बदलती परिस्थितियों में भारत-बांग्लादेश संबंध काफी महत्वपूर्ण हैं। शेख हसीना से जुड़े विवादों से ऊपर उठकर मौजूदा व्यवस्था में बांग्लादेश के नए सियासी नेतृत्व से संबंध मजबूत करने चाहिए। ढाका में चीन और पाकिस्तान के बढ़ते प्रभाव के चलते यह और भी जरूरी है। ऐसे में संवाद प्रक्रिया के बीच प्रधानमंत्री मोदी की हालिया पहल सकारात्मक कही जाएगी।

बांग्लादेश के नए राष्ट्रपति मिर्जा फ़ख्र-उल-इस्लाम आलमगीर, जो कभी वामपंथी विचारधारा की ओर झुकाव रखते थे, मार्च 1971 में 23 साल के थे और उस वक्त उत्तरी पूर्वी पाकिस्तान के ठाकुरगांव में अपने घर थे, जब उन्होंने सुना कि पाकिस्तानी सेना के अफसरों ने देश में 'ऑपरेशन सर्चलाइट' शुरू कर दिया है और निहत्थे बांग्लादेशी राष्ट्रवादियों, बुद्धिजीवियों व नेताओं का नरसंहार कर रहे हैं। दो दिन बाद, 27 मार्च को, आलमगीर व उनके दोस्तों ने रेडियो पर मेजर ज़िया-उर-रहमान को सुना जो पाकिस्तानी सेना में अधिकारी थे और चटगांव (तब चिट्टागोंग) में गुप्त जगह से शेख मुजीबुर्रहमान की ओर से आज़ाद बांग्लादेश बनाने की अपील कर रहे थे- यह संदेश बीबीसी व रेडियो ऑस्ट्रेलिया ने प्रसारित किया था।

मेजर ज़िया ने अपना भाषण खत्म करते कहा, 'जॉय बांग्ला'! यह नारा पहली बार उन्होंने दिया जो आने वाले हफ़्तों व महीनों में आज़ादी का प्रतीक घोष बन गया- जहां इंदिरा गांधी और जॉर्ज हैरिसन जैसे राजनेताओं ने इसे पसंद किया वहीं याह्या खान और हेनरी किसिंजर ने नापसंद किया- इसने पूरे देश को भारत के साथ मिलकर 'मुक्ति वाहिनी' बनाने के लिए एकजुट किया, आगे चलकर साल के अंत तक भारत-पाकिस्तान युद्ध हुआ और बांग्लादेश आज़ाद हुआ।

अप्रैल, 1971 में ठाकुरगांव में हालात बिगड़ने लगे थे। हालांकि, सीमा पार महज़ 55 किमी दूर बिहार के किशनगंज ज़िले में भी,ठाकुरगंज नामक एक जुड़वां शहर है- आलमगीर और उनका परिवार शरणार्थियों के सैलाब के साथ नागर नदी पार कर भारत के पश्चिम दिनाजपुर ज़िले में आ गया। वहां, इस्लामपुर में, साइकिल रिपेयर करने वाले दिलीप ने परिवार को एक कमरे में सोने की जगह दी। ज्योति बसु के पश्चिम बंगाल और कर्पूरी ठाकुर के बिहार ने शरणार्थियों को कपड़े दिए, यूथ कैंपों में पुरुषों को 'ट्रेनिंग' दी। कुछ हफ़्ते बाद, इंदिरा गांधी सरकार भी इस अभियान में खुलकर शामिल हुई। अन्य लोगों से साथ आलमगीर को देहरादून में गहन 'प्रशिक्षण' दिया गया।

55 साल से ज़्यादा वक्त बाद, अगर ढाका के कुलीनों की मानें तो बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के वरिष्ठ नेता और वर्तमान में राष्ट्रपति आलमगीर ने प्रधानमंत्री तारिक़ रहमान को, जो उन्हीं मेजर जिया के बेटे हैं जिनके 'जॉय बांग्ला' नारे ने बंगालियों में जोश भर दिया था – और इसी नारे पर कई चीज़ों के नाम पड़े, जिनमें सीमा पर बंगाल-बिहार-त्रिपुरा-असम सीमावर्ती इलाकों में बने सैकड़ों शरणार्थी कैंपों की वजह से भारत में फैला संक्रामक बुखार भी शामिल था ङ्कउनको सलाह दी है कि उन्हें प्रधानमंत्री मोदी से मिलने दिल्ली जाना चाहिए, भले ही शेख हसीना कुछ भी कहती रहें।

माना जाता है कि आलमगीर को एतराज है कि एक महिला, शेख हसीना, भले ही वे बंगबंधु की बेटी हैं और भारत के साथ उनके बहुत करीबी रिश्ते हैं, यह चीज़ भारत-बांग्लादेश रिश्ते को बंधक नहीं बना सकती। यह भी कि 1971 की आज़ादी की लड़ाई ने न केवल दोनों देशों के नेताओं के बीच बल्कि लोगों में भी गर्भनाल जैसा रिश्ता स्थापित किया था। फिलहाल, तारिक़ का 23-25 अगस्त का प्रस्तावित दौरा टाल दिया गया है, क्योंकि दोनों पक्ष बारीकियों पर विचार करने में लगे हैं। लेकिन बीते हफ़्ते बांग्लादेश द्वारा रुख कड़ा करने व तारिक़ के भारत दौरे को हसीना के प्रत्यर्पण की शर्त से जोड़ने के बाद, प्रधानमंत्री मोदी के सुलह वाले संदेश का महत्व बांग्लादेश नकार नहीं कर सकता। प्रधानमंत्री के लिए यह पहल भी जरूरी थी- तारिक़ को भेजे संदेश में उन्होंने कहा ='आप आइए, हम आपका 'सम्मानजनक स्वागत' करेंगे।' उन्हें पता है कि शेख हसीना की 5 अगस्त की प्रेस वार्ता से तारिक़ नाराज़ हैं। मोदी को जल्द ही समझ आ गया कि स्थिति को सिर्फ़ वही संभाल सकते हैं। बंगबंधु की बेटी और एक अति विशिष्ट हस्ती, जिन्हें अभी भी लगता है उन्होंने कुछ गलत नहीं किया, बेशक उनके पिता ने भारत को पाकिस्तान को दोफाड़ करने में मदद की थी, पर इससे रिश्तों को बंधक बनाने की अनुमति नहीं दी जा सकती। दुनिया बदल चुकी है। बांग्लादेश फिर अनिश्चितता के भंवर में है, जहां चीन और पाकिस्तान जैसी शार्क मंडरा रही हैं। प्रधानमंत्री के तौर पर तारिक़ का पहला दौरा बीजिंग




और कुआलालंपुर का रहा, न कि दिल्ली का। इतने दशक बाद भी, रावलपिंडी का सैन्य प्रतिष्ठान बांग्लादेशियों को डोरे डालने की कोशिश कर रहा है- ढाका में एक बार फिर से आईएसआई के जासूसों का जमावड़ा है। निश्चित तौर पर प्रधानमंत्री जानते हैं कि भारत के पूर्वी हिस्से को बचाकर रखना ज़रूरी है-यह न सिर्फ़ दक्षिण-पूर्व एशिया का प्रवेश द्वार है, बल्कि भारत के आठ पूर्वोत्तर राज्यों की सुरक्षा के लिए भी अहम है; जहां भारत के पांच राज्यों की सीमाएं बांग्लादेश से लगती हैं; पिछली बार जब 2001-2006 में बीएनपी की सरकार रही थी और तारिक़ की मां खालिदा ज़िया प्रधानमंत्री थीं, तब चटगांव में हथियारों का बड़ा जखीरा ऐन वक्त पर पकड़ा गया था। यह भी अहसास है कि भारत के पड़ोस में उथल-पुथल है। मोहन भागवत और दत्तात्रेय होसबोले जैसे वरिष्ठ आरएसएस नेताओं द्वारा रिश्ते सुधारने की अपील के बावजूद पाकिस्तान के साथ रिश्ते ठंडे हैं। नेपाल के प्रधानमंत्री ने आखिर भारतीय राजदूत से मुलाकात की है, लेकिन चीन से संबंधों बारे धमकी भरे अंदाज़ में बातें करते रहते हैं। भूटान, श्रीलंका व मालदीव शांत हैं, लेकिन उन पर चीन का साया मंडरा रहा। ज़ाहिर, भारत बांग्लादेश को खोना गवारा नहीं कर सकता। उसे पुराने रिश्ते फिर मज़बूत करने के तरीके खोजने होंगे। साल 1971 और 2026 में बड़ा फ़र्क यह कि अमेरिका के साथ भारत के रिश्ते बेहतर हुए हैं,यानी आज भारत न सिर्फ़ बांग्लादेश में बल्कि पड़ोस के सभी हिस्सों में अमेरिकियों संग मिलकर काम कर रहा है; जबकि 1971 में अमेरिका व पाकिस्तान में पक्की यारी थी।

शायद, प्रधानमंत्री मोदी को अमेरिका, चीन जैसी बड़ी ताकतों से सीखना चाहिए कि वे कैसे खेल खेलती हैं-वे एक ही समय में छोटे देशों के साथ भी संबंध बनाए रखते हैं और अपनी स्थिति भी सुरक्षित रखते हैं। वहीं, भारत की अनोखी सभ्यतागत मजबूती मांग करती है कि वह अपनी आर्थिक क्षमता से कहीं बढ़कर भूमिका निभाए, खासकर अपने पड़ोस में, जहां भाषा, धर्म, संस्कृति और जातीयता जैसे मुद्दे रिश्तों पर असर डाल रहे हैं और यह भारत के हितों को निरंतरता देते हैं। इसीलिए पीएम मोदी ने समझदारी दिखाई कि शेख हसीना को लेकर तारिक रहमान के नखरे नज़रअंदाज़ किए और फिलहाल इस विवादित मसले को एक तरफ कर रखा है, शायद ऐसा करने से समाधान जल्द निकल आए। संभवतः वार्ता में तय हो कि जब अपनी सार्वजनिक घोषणा के अनुसार शेख हसीना दिसंबर में बांग्लादेश लौटेंगी,तो उन्हें व उनके परिवार को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया जाए – और इस तरह भारत-बांग्लादेश के बीच बेहद महत्वपूर्ण रिश्ते कायम रहेंगे। इसीलिए भारत और उसके सभी पड़ोसियों – काराकोरम से लेकर कॉक्स बाज़ार तक – के साथ रिश्ते कायम रखने की कोई सीमा नहीं होनी चाहिए।

## आज का राशिफल

### मेष

लेन-देन में सावधानी रखें। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। शत्रु पर विजय, हर्ष के समाचार मिलने की संभावना। कुसंग से हानि। धनागम सुखद रहेगा। प्रेमिका मिलेगी। माता को कष्ट रहेगा। नौकरी में कार्य व्यवहार, ईमानदारी की प्रशंसा होगी।

### वृष

रोजगार में वृद्धि होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। परिवार की चिंता रहेगी। लाभ होगा। अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। चिंता से मुक्ति नहीं मिलेगी। शत्रु दबे रहेंगे। कलह-अपमान से बचें। संभावित यात्रा होगी। सावधानी बरतना होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

### मिथुन

पार्टनर से मतभेद समाप्त होगा। नौकरी में अधिकारी का सहयोग तथा विश्वास मिलेगा। पारिवारिक व्यस्तता रहेगी। आकस्मिक व्यय से तनाव रहेगा। अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा। विवेक से कार्य करें। स्थानीय धर्मस्थल की परिवार के साथ यात्रा होगी। लेनदारी वसूल होगी।

### कर्क

स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। भागदौड़ रहेगी। भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। धनागम सुस्त रहेगा। कार्य के प्रति अनमनापन रहेगा। दु:खद समाचार प्राप्त हो सकता है। कुछ लाभ की संभावना। चिंताएं कुछ कम होंगी। व्यापार-व्यवसाय में ग्राहकी अच्छी रहेगी।

### सिंह

बेचैनी रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। राजकीय बाधा दूर होगी। नेत्र पीड़ा की संभावना। धनलाभ एवं बुद्धि लाभ होगा। शत्रु से परेशान होंगे। अपमान होने की संभावना। कष्ट की संभावना। धनहानि। कष्ट-पीड़ा। शारीरिक पीड़ा होगी।

### कन्या

लेनदारी वसूल होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। शत्रु भय रहेगा। व्यापार-व्यवसाय में ग्राहकी अच्छी रहेगी। नौकरी में कार्य व्यवहार, ईमानदारी की प्रशंसा होगी। मशक्कत करने से लाभ होगा। चिंता होगी। शत्रु पराजित होंगे।

### तुला

शुभ समाचार प्राप्त होंगे। पुराने मित्र व संबंधी मिलेंगे। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। आय में वृद्धि होगी। विरोध की संभावना, धनहानि, गृहस्थी में कलह, रोग से घिरने की संभावना, कुछ कार्यसिद्धि की संभावना। चिंताएं जन्म लेंगी। स्त्री पीड़ा, कुछ लाभ की आशा करें।

### वृश्चिक

यात्रा सफल रहेगी। विवाद न करें। लेन-देन में सावधानी रखें। कानूनी बाधा दूर होगी। देव दर्शन होंगे। राज्य से लाभ होने की संभावना। मातृपक्ष की चिंता। वाहन-मशीनरी का प्रयोग सावधानी से करें। धनागम की संभावना। मित्र मिलेंगे। विवाद न करें। लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

### धनु

जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। घर-बाहर अशांति रह सकती है। प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा के योग बनेंगे। कुछ कष्ट होने की संभावना। लाभ के योग बनेंगे। स्त्री वर्ग को कष्ट। कुसंग से कष्ट। कलहकारक दिन रहेगा। अपनी तरफ से बात को बढ़ावा न दें। घर-बाहर अशांति रह सकती है।

### मकर

प्रेम-प्रसंग में जोखिम न लें। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। झंझटों में न पड़ें। आगे बढ़ने के मार्ग मिलने की संभावना। शत्रु पराजित होंगे। लाभ होगा। स्वास्थ्य ठीक होगा। अनजाना भय सताएगा। राज्य से लाभ। शत्रु शांत होंगे। शत्रु भय रहेगा।

### कुंभ

भय, पीड़ा व भ्रम की स्थिति बन सकती है। व्यर्थ भागदौड़ होगी। भय-पीड़ा, मानसिक कष्ट की संभावना। लाभ तथा पराक्रम ठीक रहेगा। दु:समाचार प्राप्त होंगे। हानि तथा भय की संभावना, पराक्रम से सफलता, कलहकारी वातावरण बनेगा। भयकारक दिन रहेगा। मशक्कत करने से लाभ होगा।

### मीन

कारोबारी नए अनुबंध होंगे। नई योजना बनेगी। मान-सम्मान मिलेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। स्त्री कष्ट संभव। कलह से बचें। कार्य में सफलता, शत्रु पराजित होंगे। विवेक से कार्य बनेंगे। पेट रोग से पीड़ित होने की संभावना। वस्त्राभूषण की प्राप्ति के योग। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।

## स्वास्थ्य समाचार

# बालों में दही लगाने से पहले मिलाएं यह चीजें, मिलेंगे जबरदस्त फायदे

हर कोई लंबे-घने, मुलायम और चमकदार बाल चाहता है। अगर बाल अच्छे हों, तो इससे खूबसूरती और पर्सनालिटी में भी चार चांद लग जाते हैं। लेकिन, आजकल की बदलती जीवनशैली और खानपान की गलत आदतों की वजह से लोगों को बालों से जुड़ी कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसे में, लोग अक्सर बालों की समस्याओं को दूर करने के लिए महंगे हेयर केयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन, इनमें मौजूद केमिकल्स से बाल रूखे और बेजान नजर आने लगते हैं। आप चाहें तो बालों की परेशानियों को दूर करने के लिए दही का इस्तेमाल कर सकते हैं। दही बालों के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है। दही में विटामिन बी5, विटामिन डी, कैल्शियम, मैग्नीनिशयम, जिंक, प्रोटीन और पोटैशियम जैसे तत्व पाए जाते हैं। ये सभी तत्व बालों को पोषण देने और उन्हें हेल्दी बनाने के लिए बहुत जरूरी हैं। बालों में दही लगाने से डैंड्रफ, ड्राई हेयर और बालों के टूटने की समस्या दूर होती है। वैसे तो आप बालों में सिर्फ दही भी लगा सकते हैं।




### दही और शहद

दही और शहद का मिश्रण भी बालों के लिए काफी फायदेमंद होता है। शहद एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-फंगल और एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं, जो स्कैल्प पर जमा गंदगी को दूर करते हैं। बालों में दही और शहद का मिश्रण लगाने से बालों का झड़ना कम होता है। बालों की ग्रोथ बढ़ाने और बालों को चमकदार बनाने के लिए भी यह मिश्रण काफी प्रभावी है। इसके लिए एक कटोरी शहद लें। इसमें एक चम्मच शहद डालकर मिक्स कर लें।

### दही और मेथी दाना

अगर आपके बालों में डैंड्रफ है, तो आप दही में मेथी दाना मिलाकर बालों में लगा सकते हैं। दही और मेथी दाना के इस्तेमाल से स्कैल्प की सफाई होती है, जिससे डैंड्रफ की समस्या खत्म होती है। दही और मेथी दाना मिक्स करे बालों पर लगाने से बालों का टूटना भी कम होता है और बालों की ग्रोथ बढ़ती है। इसके लिए दो बड़े चम्मच मेथी दाना को रातभर के लिए पानी में भिगोकर रख दें। सुबह इसे पीस लें। अब एक कटोरी दही लें और उसमें मेथी दाना का पेस्ट मिक्स कर लें। इस पेस्ट को अपने बालों और स्कैल्प पर लगाएं। करीब आधे घंटे बाद गुनगुने पानी से बालों को धो लें।

### दही और ऑलिव ऑयल

आप दही में ऑलिव ऑयल यानि जैतून का तेल मिक्स करके भी बालों में लगा सकते हैं। ऑलिव ऑयल और दही का मिश्रण बालों की कई परेशानियों को दूर कर सकता है। ऑलिव ऑयल में विटामिन ए, विटामिन ई और एंटीऑक्सीडेंट भरपूर मात्रा में होता है। इससे बालों को पोषण और नमी मिलती है। बालों में दही और ऑलिव ऑयल लगाने से बाल मजबूत और चमकदार बनते हैं। इससे बालों का टूटना भी काफी कम होता है। इसके लिए 1 कटोरी में दही लें। अब इसमें एक चम्मच ऑलिव ऑयल मिलाएं। इस मिश्रण को अपने बालों पर अच्छी तरह लगाएं। करीब 20 मिनट बाद अपने बालों को शैंपू से साफ कर लें।

### दही और एलोवेरा

दही और एलोवेरा, दोनों ही बालों के लिए काफी फायदेमंद माने जाते हैं। बालों में दही और एलोवेरा का मिश्रण लगाने से बाल मजबूत, मुलायम और चमकदार बनते हैं। एलोवेरा में मॉइस्चराइज़िंग गुण होते हैं, जिससे बालों को नमी मिलती है।

इसके लिए 4-5 चम्मच एलोवेरा लें। अब इसमें दो चम्मच दही मिक्स कर लें। अगर आपके बाल बहुत ड्राई हैं, तो आप इसमें एक चम्मच शहद भी मिला सकते हैं। सभी चीजों को आपस में अच्छी तरह मिक्स करके बालों पर लगाएं। करीब 30 मिनट बाद अपने बालों को धो लें। सप्ताह में दो बार इस हेयर मास्का का इस्तेमाल करने से बालों की ग्रोथ बढ़ सकती है।

# कमरख का जूस पीने से सेहत को मिलते हैं यह खास फायदे

स्वास्थ्य को संतुलित बनाए रखने के लिए हमेशा फल और फलों के जूस का सेवन करने की सलाह दी जाती है। लेकिन जब आप फलों के जूस की आती है तो ज्यादातर लोग आंवला, संतरा, मौसमी, सेब जैसे फलों का ही ऑप्शन चुनते हैं। कमरख के पोषक तत्वों की बात करें तो इसमें पर्याप्त मात्रा में विटामिन बी, फाइबर और कई तरह के मिनरल्स पाए जाते हैं। सर्दियों के मौसम में रोजाना 200 एमएल कमरख के जूस का सेवन किया जाए तो ये सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है।

**वजन घटाने में मददगार :** कमरख पर हुई कई रिसर्च में ये बात सामने आई है कि प्रतिदिन इसका सेवन करके वजन को तेजी से घटाया जा सकता है। रिसर्च में ये बात सामने आई है कि कमरख में कैलोरी बहुत ही कम मात्रा में पाई जाती है। साथ ही ये फाइबर का भी अच्छा सोर्स है। इसलिए, कमरख के जूस का सेवन करके वजन को कम किया जा सकता है।

**इम्यूनिटी को बनाता है मजबूत :** कमरख के जूस में औषधीय गुण पाए जाते हैं, इसलिए ये इम्यूनिटी को भी स्ट्रांग बनाने में मदद कर सकता है। दरअसल, कमरख में बीटा-कैरोटीन पाया जाता है। बीटा-कैरोटीन जब किसी व्यक्ति के शरीर में जाता है तो ये विटामिन-ए में तब्दील हो जाता है।

**कोलेस्ट्रॉल लेवल को करता है नियंत्रित :** शरीर में दो तरह का कोलेस्ट्रॉल पाया जाता है। पहला होता है गुड कोलेस्ट्रॉल और दूसरा बैड कोलेस्ट्रॉल। शरीर में अगर बैड कोलेस्ट्रॉल लेवल बढ़ता है तो ये हार्ट प्रॉब्लम का कारण बन सकता है। शरीर में कोलेस्ट्रॉल लेवल को नियंत्रित करने में कमरख का जूस काफी मदद कर सकता है।

**ब्लड प्रेशर को करता है कंट्रोल :** ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने के लिए भी कमरख का जूस काफी फायदेमंद माना जाता है। कमरख के जूस में पोटेशियम अच्छी मात्रा में पाया जाता है।जो ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने में मदद कर सकता है।

# सर्दी-जुकाम का रामबाण इलाज है लौंग की चाय

सर्दियों में जुकाम-खांसी की समस्या से अधिकतर लोग परेशान रहते हैं। दरअसल, सर्दियों में शरीर की इम्यूनिटी कमजोर हो जाती है, जिसके कारण बीमारियों का खतरा अधिक बढ़ जाता है। ऐसे में, सर्दियों के मौसम ऐसी चीजों का सेवन करना चाहिए, जिससे शरीर को गर्माहट मिल सके। अधिकतर लोग सर्दियों के मौसम में चाय का सेवन करते हैं। आपने अदरक और इलायची की चाय तो जरूर पी होगी? लेकिन, क्या आपने कभी लौंग की चाय पी है? जी हां, किचन में मसाले के तौर पर इस्तेमाल होने वाले लौंग से बनी चाय सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होती है। आयुर्वेद के अनुसार, लौंग कई बीमारियों के इलाज में फायदेमंद होता है। लौंग में मिनरल्स, एंटीऑक्सीडेंट, एंटी-माइक्रोबियल, एंटी-वायरल और एनाल्जेसिक गुण पाए जाते हैं, जो सेहत के लिए बेहद फायदेमंद हैं। लौंग की चाय पीने से सर्दी-खांसी, जुकाम, कफ, बुखार और इंफेक्शन की समस्या दूर होती है।

### इम्यूनिटी मजबूत होती है

सर्दियों में लौंग की चाय पीने से शरीर की इम्यूनिटी मजबूत होती है। दरअसल, लौंग में एंटीऑक्सीडेंट मौजूद होते हैं, जो शरीर के इम्यून सिस्टम को मजबूत करने में मदद करते हैं। रोजाना लौंग की चाय पीने से बीमारियों और संक्रमण से बचाव होता है।

### सर्दी-खांसी का रामबाण इलाज

सर्दियों में लोग खांसी-जुकाम की समस्या से सबसे ज्यादा परेशान रहते हैं। ऐसे में, लौंग की चाय पीना बहुत फायदेमंद होता है। दरअसल, लौंग में एंटी-वायरल, एंटीमाइक्रोबियल और एंटीसेप्टिक गुण मौजूद होते हैं, जो संक्रमण से लड़ने में मदद करते हैं। लौंग की चाय पीने से सर्दी- जुकाम और खांसी को दूर करने में मदद मिलती है।

### दांत के दर्द से छुटकारा

लौंग की चाय पीने से दांत के दर्द में काफी आराम मिलता है। लौंग में एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो दांत के दर्द को दूर करने में मदद करते हैं। इसके साथ ही, लौंग की चाय पीने से मुंह की बदबू और पायरिया की समस्या दूर होती है। अगर आप दांत या मसूड़ों में दर्द और सूजन की समस्या से परेशान हैं, तो लौंग की चाय का सेवन करें।



### साइनस से राहत दिलाए

सर्दियों में साइनस और छाती में कफ जमने की समस्या काफी बढ़ जाती है। लौंग की चाय पीने से साइनस और कफ की समस्या में काफी आराम मिलता है। रोजाना लौंग की चाय पीने से छाती में जमा कफ बाहर निकलता है, जिससे साइनस और अस्थमा जैसी समस्याओं से काफी राहत मिलती है।

### पाचन दुरुस्त रहता है

लौंग की चाय पीने से पाचन तंत्र भी दुरुस्त रहता है। रोजाना एक कप लौंग की चाय पीने से पाचन क्रिया सुचारु रूप से काम करती है। पेट में गैस, अपच और कब्ज जैसी समस्याओं में लौंग की चाय का सेवन बहुत फायदेमंद होता है। लौंग की चाय पीने से खाना पचाने में मदद मिलती है और एसिडिटी की समस्या भी दूर होती है।

# जयपुर में सजा सौंदर्य का राष्ट्रीय मंच : केरल की केजिया लीज मेजो बनी मिस यूनिवर्स इंडिया

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** गुलाबी नगरी जयपुर में मिस यूनिवर्स इंडिया 2026 का भव्य ग्रैंड फिनाले आयोजित हुआ। जिसमें देशभर से चयनित 52 प्रतिभागियों ने सौंदर्य, प्रतिभा, आत्मविश्वास, व्यक्तित्व और भारतीय संस्कृति का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में केरल की केजिया लीज मेजो ने अपने प्रभावशाली व्यक्तित्व और मंचीय प्रस्तुति के दम पर मिस यूनिवर्स इंडिया 2026 का खिताब अपने नाम किया। तमिलनाडु की वैष्णवी गणेश फर्स्ट रनरअप और गुजरात की अनुश्री सातवलेकर दूसरे स्थान पर रहीं। खिताब जीतने के बाद केजिया अब अंतरराष्ट्रीय मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। उन्होंने कहा कि यह खिताब उनके लिए उपलब्धि के साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है। वे अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की विविधता, संस्कृति और नई पीढ़ी की प्रतिभा को प्रस्तुत करेंगी। ग्रैंड फिनाले में प्रतिभागियों ने विभिन्न राउंड में अपनी प्रतिभा, संचार कौशल, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक सोच का प्रदर्शन किया। आयोजन में करीब 800 फैशन डिजाइनर और डेलीगेट्स शामिल हुए। बॉलीवुड स्टार और पहली भारतीय मिस यूनिवर्स सुष्मिता सेन, दो बार मिस यूनिवर्स इंडिया रह चुकीं उर्वशी रौतेला तथा पूर्व मिस यूनिवर्स फर्स्ट रनरअप और अभिनेत्री सेलिना जेटली की मौजूदगी ने समारोह की भव्यता बढ़ाई। मिस यूनिवर्स इंडिया 2024-25 की विजेता रिया सिंघा और मणिका विश्वकर्मा भी समारोह में शामिल हुईं। मिस यूनिवर्स इंडिया के ऑनर निखिल आनंद ने कहा कि प्रतियोगिता का उद्देश्य देशभर की प्रतिभाशाली युवतियों को राष्ट्रीय मंच उपलब्ध कराकर उनकी प्रतिभा, व्यक्तित्व और नेतृत्व क्षमता को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाना है। राष्ट्रीय जनसंपर्क निदेशक सर्वेश कश्यप ने कहा कि जयपुर में आयोजन राजस्थान की संस्कृति, मेहमाननवाजी और देश की प्रतिभाशाली बेटियों के आत्मविश्वास का उत्सव बना। उन्होंने कहा कि इस मंच ने सुष्मिता सेन, लारा दत्ता, उर्वशी रौतेला और सेलिना जेटली जैसी प्रतिभाओं को अंतरराष्ट्रीय पहचान का अवसर दिया है।




## बंद मकान में अज्ञात चोरों ने लगाई सेंध



नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ के वार्ड संख्या 12 में स्थित गाडियां बास में बंद मकान में अज्ञात चोरों ने सेंध लगाई। मकान मालिक के रिश्तेदार रामावतार नोहाल ने बताया कि मकान मालिक हमारे फुफाजी महाबीर प्रसाद बील जिनका परिवार मुम्बई रहता है, तथा मकान में भंवरलाल दर्जी निवासी चूरु जो अध्यापक वो किरायेदार तथा शनिवार को अपने गांव चूरु चले गये थे। जो सोमवार सुबह आने पर अन्दर जाकर देखा कि दो कमरों के ताले टूटे हुए व कमरे में रखी गोदरेज अलमारी का भी ताला टूटा हुआ था व सामान बैड पर बिखरा हुआ था, उन्होंने हमें सूचना देने हम मौके पर पहूंचकर पुलिस थाने को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंचकर मौका मुआयना कर घटना की ली जानकारी। मकान मालिक आने बाद ही चोरी हुए सामान का आंकलन होगा।


## मतदाता जागरूकता को लेकर हुई गतिविधियां



अमित प्रजापत

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय राजकीय महाविद्यालय में एनएसएस की दोनों इकाइयों एवं ईएलसी क्लब के संयुक्त तत्वावधान में प्राचार्य विनीता चौधरी के निर्देशन में महाविद्यालय में मतदान जागरूकता को लेकर मानव श्रृंखला एवं चित्रकला गतिविधि का आयोजन हुआ। इस अवसर पर प्राचार्या विनिता चौधरी ने स्वयंसेवकों को मतदान के प्रति स्वयं जागरूक होने एवं अपने आस-पास के क्षेत्र में भी मतदाता जागरूकता हेतु लोगों को प्रेरित करने की अपील की। एनएसएस प्रभारी सोमदत कुल्हरी व डॉ अनुसूया मेहरा ने भी स्वयंसेवकों को लोकतंत्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने एवं जागरूक मतदाता बनने के प्रति प्रेरित किया। इस अवसर पर अन्य संकाय सदस्य भी उपस्थित रहे।

## विवाह पूर्व संवाद केंद्र - तेरे मेरे सपने का शुभारंभ



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** राष्ट्रीय महिला आयोग भारत सरकार के सौजन्य से स्वयंसेवी संस्था विनायक महिला विकास समिति द्वारा विवाह पूर्व संवाद केंद्र तेरे मेरे सपने का शुभारंभ किया गया। राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड के उपमहाप्रबंधक एम एल मीना ने फीता काटकर केंद्र का शुभारंभ किया। इस अवसर पर नाबार्ड के उपमहाप्रबंधक एम एल मीना ने कहा कि राष्ट्रीय महिला आयोग की यह एक सार्थक पहल है, केंद्र का उद्देश्य विवाह करने जा रहे युवक युवतियों को वैवाहिक जीवन को स्वस्थ और संतुलित बनाने के लिए मानसिक एवं भावनात्मक रूप से तैयार करना है। संस्था के सीईओ राजकुमार कुमावत ने कहा कि विवाह की योजना बना रहे युवाओं को विवाह से पहले कैरियर, आर्थिक प्रबंधन, व्यक्तिगत मूल्यों, पारिवारिक जिम्मेदारियों पर खुलकर संवाद करने का अवसर मिलेगा जिससे एक मजबूत रिश्ते की नींव रखी जा सकेगी। शादी से पहले युवाओं को बेहतर समझ, संवाद और भावनात्मक शिक्षा मिलेगी जिससे एक सुखद वैवाहिक जीवन जीने के लिए तैयार किया जाएगा। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्ष आशा, सचिव मंजू, काउंसलर रामावतार मिश्रा, निधि शर्मा, समाजसेवी शीला चुलेट, कनक अग्रवाल, राजेश सोनी, महिला सुरक्षा सखी उषा जांगिड़, सुमन, आशा आदि उपस्थित रहे।

## शराब तस्कर समेत रंगदारी मांगने वाला बदमाश गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** निकाय चुनाव की आदर्श आचार संहिता के बीच जयसिंहपुरा खोर थाना पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग मामलों में एक इनामी शराब तस्कर और रंगदारी मांगने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शराब तस्कर के कब्जे से 13 पेटियों में 552 पव्वे अवैध शराब और बीयर तथा एक मारुति सुजुकी जेटा हाइब्रिड कार जब्त की है। वहीं, रंगदारी मांगने के मामले में फरार आरोपी के कब्जे से देशी कट्टा और जिंदा कारतूस बरामद किया गया। डीसीपी उत्तर करण शर्मा ने बताया कि जयसिंहपुरा खोर थाना पुलिस ने द्वारका फार्म के पास नाकाबंदी के दौरान संदिग्ध जेटा हाइब्रिड कार को रोककर तलाशी ली गई। कार से हरियाणा व अन्य राज्यों की अवैध शराब और बीयर बरामद हुई। मामले में सुरमा सांसी निवासी बस्सी, हाल जयसिंहपुरा खोर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ 26 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं और वह शराब तस्करी के लिए इनामी भी है। पूछताछ में सामने आया कि वह दूसरे राज्यों से शराब लाकर अपनी परिचित महिलाओं के माध्यम से आगे सप्लाई करवाता था। वहीं दूसरी कार्रवाई में जमीन कारोबारी के केयरटेकर को हथियार दिखाकर रंगदारी मांगने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में फरार चल रहे विश्वास पाराशर उर्फ विशु निवासी सदर, जयपुर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी वारदात के बाद नेपाल, महाराष्ट्र, कर्नाटक और मध्यप्रदेश में ठिकाने बदलकर फरारी काट रहा था। तकनीकी निगरानी और मुखबिर की सूचना पर उसे सदर क्षेत्र से पकड़ा गया। उसकी निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल देशी कट्टा और कारतूस बरामद किए गए। पुलिस दोनों मामलों में आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

## चुनाव तैयारी को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की संगठनात्मक बैठक आयोजित

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** नगरपालिका चुनाव 2026 को लेकर तारानगर विधायक नरेन्द्र बुडानिया के मुख्यातिथ्य व नगर अध्यक्ष भागीरथ भामी की अध्यक्षता में सोमवार को कस्बे के ओसवाल पंचायत भवन में कांग्रेस की संगठनात्मक बैठक एवं कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित हुआ। बैठक में नगरपालिका चुनाव को लेकर विधायक बुडानिया ने कार्यकर्ताओं से चर्चा की। विभिन्न वार्डो के लोगों ने अपने-अपने कार्यकर्ताओं के साथ आकर टिकट की दावेदारी जतायी। विधायक बुडानिया ने कहा टिकट उसी को मिलेगा जिसको उस वार्ड के वार्डवासी चयन करेंगे इसलिए हम सब मिलकर एक जुट होकर चुनाव लड़ना है एवं जिताऊ उम्मीदवार को वार्ड टिकट दिलवानी है। विधायक बुडानिया ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा भाजपा के लोग आपको डराने धमकाने का काम करेंगे आपको एक दूसरे से तोड़ने का काम करेंगे उनकी नस नस में झूठ रमा हुआ है झूठ बोलकर जातिवाद की बातें कर आपको गुमराह करने की कोशिश करेंगे लेकिन आप सभी को इनसे बचना है एवं सच्चाई का साथ देना है। सरकारी भूमी पर कब्जा करना इन लोगों का काम है, इनसे हमें बचना है। बुडानिया ने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर चुनाव लड़ने व तारानगर क्षेत्र के विकास व शांति के लिए नगरपालिका में फिर से कांग्रेस का बोर्ड बनाने की बात कही। इस मौके पर विधानसभा प्रभारी रामनिवास बिड़ोदी, निवर्तमान प्रधान संजय कस्वा, ब्लॉक अध्यक्ष वेद प्रकाश सहारण, निवर्तमान चेयरमैन प्रियंका बानो, पन्ने खाँ नागरा, हरिसिंह बेनीवाल, मानसिंह सैनी, उमाशंकर शर्मा, कुरड़ाराम शर्मा, थानाराम सैनी, याकूब खाँ, विमला कालवा, बाबू हुसैन कुरैशी, कपिल शर्मा, बाबूलाल सैनी, दिनेश खंडेलवाल, आसिफ चौहान, संजय वाल्मीकि, मुंशी खाँ तेली, साजिद टाक, आरता कुमार सहित कांग्रेस के सैकड़ों पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक का संचालन कुंदन सैनी ने किया।



## फंगस लगे फल और गंदगी के बीच बन रहा था जूस, खाद्य विभाग ने करवाया बंद

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग ने झोटवाड़ा क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए गंभीर स्वच्छता कमियां मिलने पर जूस निर्माण इकाई का संचालन तत्काल बंद करवा दिया। अभिहित अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि मैसर्स नारायण कैटरर्स/प्रेरणा शर्मा, प्लॉट नंबर-3, कल्याण कुंज, कांटा चौराहा, कालवाड़ रोड, झोटवाड़ा का निरीक्षण किया। जहां निरीक्षण में खाद्य निर्माण क्षेत्र में साफसफाई का अभाव मिला। परिसर में मच्छर और कीड़े मौजूद थे, जबकि फंगस और कीड़े लगे फल जूस बनाने के लिए रखे हुए थे। निर्माण इकाई में सीलन, नमी और बारिश के पानी की समस्या भी मिली। भंडारण एवं निर्माण क्षेत्र में गंदगी, टूटे फर्श व दीवारें तथा फंगस पाए गए, जिससे खाद्य पदार्थ दूषित होने की आशंका थी। इसके अलावा खाद्य पदार्थों एवं पैकेजिंग पर आवश्यक निर्माण और उपयोग अवधि संबंधी जानकारी का उचित अंकन भी नहीं मिला। गंभीर कमियों को देखते हुए खाद्य विभाग ने संचालक को स्वच्छता व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए। जूस निर्माण इकाई का संचालन तत्काल बंद करवा दिया गया और आवश्यक सुधार के बाद ही नियमानुसार संचालन करने के निर्देश दिए गए।

## मणिपाल हॉस्पिटल में हेल्थ टॉक, हड्डी-जोड़ और स्पाइन रोगों से बचाव की दी जानकारी



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** मणिपाल हॉस्पिटल जयपुर एवं जयपुर फिजियोथेरेपिस्ट नेटवर्क के संयुक्त तत्वावधान में विशेष हेल्थ टॉक आयोजित की गई। इसमें लोगों को हड्डी, जोड़ और स्पाइन से जुड़ी बीमारियों, उनके बचाव, आधुनिक उपचार तथा ऑपरेशन के बाद फिजियोथेरेपी की भूमिका के बारे में जागरूक किया गया। हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ. बीआर बागरिया और स्पाइन रोग विशेषज्ञ डॉ. मुकेश हरितवाल ने विभिन्न समस्याओं के लक्षणए उपचार और बचाव के उपाय बताए। उन्होंने कहा कि सर्जरी के बाद विशेषज्ञ की सलाह के अनुसार नियमित फिजियोथेरेपी और व्यायाम से मोबिलिटी बेहतर करने, मांसपेशियों को मजबूत बनाने और दैनिक गतिविधियों में लौटने में मदद मिलती है। डॉक्टरों ने सही पोश्चर, नियमित शारीरिक गतिविधि, संतुलित आहार और वजन नियंत्रित रखने पर जोर दिया। लंबे समय तक कमर या गर्दन में दर्द, हाथ-पैरों में झनझनाहट, कमजोरी या चलने-फिरने में परेशानी जैसे लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करने की सलाह दी। पोस्ट-ऑपरेटिव केयर पर चर्चा करते हुए डॉक्टरों ने मरीजों को निर्धारित व्यायाम, फिजियोथेरेपी और दवाइयों का नियमित पालन करने तथा बिना चिकित्सकीय सलाह के भारी वजन उठाने से बचने की सलाह दी। हॉस्पिटल डायरेक्टर रंजन ठाकुर ने कहा कि स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता समय पर उपचार और गंभीर समस्याओं से बचाव में महत्वपूर्ण है।

## गर्ल्स हेल्थ अवेयरनेस, पर्सनल हाइजिन एवं न्यूट्रिशियन विषय पर व्याख्यान आयोजित




निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** राजकीय महिला महाविद्यालय, तारानगर में महिला प्रकोष्ठ के अंतर्गत राजस्थान राज्य महिला नीति - 2021 के तत्वाधान में गर्ल्स हेल्थ अवेयरनेस, पर्सनल हाइजिन एवं न्यूट्रिशियन विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान की शुरूआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुभाष चन्द्र बोला द्वारा किया गया। प्राचार्य ने छात्राओं को स्वास्थ्य सम्बन्धी जागरूकताओं के बारे में बताया। उन्होने बताया की स्वस्थ बालिका ही स्वस्थ परिवार और सशक्त समाज की नींव होती है। प्राचार्य ने छात्राओं को पौष्टिक आहार लेने की सलाह दी, जैसे- हरी सब्जियाँ, दालें, दूध, फल और आयरन युक्त भोजन आदि। महिला प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ अकिता ने छात्राओं को व्यक्तिगत स्वच्छता एवं मानसिक स्वास्थ्य के बारे में बताया। महिला प्रकोष्ठ की सदस्य डॉ अमिता खींची ने छात्राओं को बताया कि किशोरावस्था में शरीर और मन में अनेक परिवर्तन होते हैं। इसलिए सही जानकारी और अच्छी आदतें अपनाना बहुत आवश्यक है। साथ ही छात्राओं को संकल्प दिलाया गया कि हम स्वयं स्वस्थ रहेंगे, स्वच्छता अपनाएँगे और अन्य बालिकाओं को भी स्वास्थय के प्रति जागरूक करेंगे। महिला प्रकोष्ठ की सदस्य रेखा नेहरा ने छात्राओं को प्रतिदिन कम से कम 30 मिनट व्यायाम एवं योग करने के लिए प्रेरित किया और साथ ही बताया कि प्रतिदिन अपनी रूचियों को पहचानने के लिए भी समय निकालें। अंत में रेखा नेहरा ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## यातायात जागरूकता अभियान में विद्यार्थियों को बताए सड़क सुरक्षा के नियम

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एवं जन सुरक्षार्थ श्रद्धांजलि स्वरूप यातायात पुलिस की ओर से यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में सोमवार को श्री अग्रसेन पब्लिक स्कूल, आगरा रोड, चिल्ड्रन एकेडमी स्कूल, बनीपार्क और एसएस जैन सुबोध कॉलेज में विद्यार्थियों को यातायात नियमों एवं साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। श्री अग्रसेन पब्लिक स्कूल में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त यातायात पूर्व डॉ. हेमंत कुमार जाखड़ एवं पुलिस निरीक्षक यातायात पूर्व दुर्गा प्रसाद ने शिक्षा टीम के साथ छात्राओं को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी। वहीं चिल्ड्रन एकेडमी स्कूल में पुलिस निरीक्षक यातायात पश्चिम संपत राज ने एनसीसी कैडेट्स को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। विद्यार्थियों को नाबालिगों के वाहन नहीं चलाने, जेब्रा लाइन से सड़क पार करने, हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य उपयोग, ट्रैफिक सिग्नल की पालना सहित सुरक्षित यातायात के नियम बताए गए। दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद कर अच्छे मददगार बनने के लिए भी प्रेरित किया गया। इस दौरान यातायात जागरूकता संबंधी पंपलेट वितरित किए गए। इसी क्रम में एसएस जैन सुबोध कॉलेज में भी विशेष जागरूकता कार्यक्रम हुआ, जिसमें 850 से अधिक विद्यार्थियों एवं कॉलेज स्टाफ ने भाग लिया।

सहायक पुलिस आयुक्त यातायात मुकेश चौधरी ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी। वहीं साइबर अनुसंधान इकाई जयपुर पूर्व की एसीपी प्रियंका वैष्णव ने फिशिंग, ओटीपी व बैंकिंग फ्रॉड, सोशल मीडिया अपराध और डिजिटल अरेस्ट से बचाव के उपाय बताए। विद्यार्थियों को अपना ओटीपी, यूपीआई पिन, बैंक पासवर्ड और कार्ड सीवीवी साझा नहीं करने तथा अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करने की सलाह दी गई। साइबर ठगी होने पर तत्काल 1930 पर शिकायत दर्ज कराने की जानकारी भी दी गई। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि सड़क सुरक्षा और साइबर अपराधों को लेकर युवाओं में जागरूकता बढ़ाने के लिए ऐसे कार्यक्रम आगे भी जारी रहेंगे।




## गाइडलाइन की अनदेखी पर स्पा सेंटर पर पुलिस की दबिश

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** आदर्श नगर इलाके में पुलिस ने स्पा सेंटरों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सोमवार को कार्रवाई करते हुए नमस्ते थाई स्पा सेंटर पर छापा मारा। जयपुर पूर्व जिला विशेष टीम और आदर्श नगर थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में आयुक्तालय की गाइडलाइन का उल्लंघन पाए जाने पर चार युवतियों और चार पुरुषों सहित आठ जनों को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 170 के तहत गिरफ्तार किया गया। पुलिस उपायुक्त पूर्व रंजीता शर्मा ने बताया कि स्पा सेंटरों की आड़ में होने वाली अनियमितताओं और अनैतिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। स्पा संचालकों को पूर्व में पुलिस की गाइडलाइन की पालना के संबंध में निर्देश और चेतावनी भी दी गई थी। इसके बावजूद नियमों की अनदेखी मिलने पर कार्रवाई की गई। थानाधिकारी छगन लाल ने बताया कि स्पा सेंटरों की नियमित जांच आगे भी जारी रहेगी और गाइडलाइन का उल्लंघन मिलने पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई में डीएसटी से उप निरीक्षक बन्ना लाल, सहायक उप निरीक्षक छीतरमल सहित पुलिसकर्मी तथा आदर्श नगर थाने से हेड कांस्टेबल रामनिवास, धर्मेंद्र कुमार, धर्मसिंह और महिला कांस्टेबल पूनम शामिल रहे।

## शांति एशियाटिक के खिलाड़ियों ने दिखाया दम : 3-3 बास्केटबॉल में ओवरऑल खिताब



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** श्रीराम स्पोर्ट्स किंगडम में आयोजित 3-3 बास्केटबॉल टूर्नामेंट में शांति एशियाटिक स्कूल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैंपियन का खिताब जीता। प्रतियोगिता में जयपुर के विभिन्न स्कूलों और बास्केटबॉल अकादमियों की 100 से अधिक टीमों के 350 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। शांति एशियाटिक की टीमों ने अंडर-11, अंडर-13 और अंडर-15 गर्ल्स वर्ग में तीन स्वर्ण पदक जीते। वहीं अंडर-15 और अंडर-17 बॉयज टीमों ने कांस्य पदक हासिल किए। जयश्री पेरीवाल स्कूल ने अंडर-11 और अंडर-17 बॉयज वर्ग में स्वर्ण, जबकि श्रीराम स्पोर्ट्स अकादमी ने अंडर-11 व अंडर-17 बॉयज तथा अंडर-13 गर्ल्स में रजत पदक जीते। स्कॉटल स्कूल ने अंडर-17 गर्ल्स में स्वर्ण पदक हासिल किया। कैम्ब्रिज कोर्ट वर्ल्ड स्कूल की अंडर-11 बॉयज टीम ने रजत और अंडर-13 गर्ल्स टीम ने कांस्य पदक जीता। समापन समारोह में महाराणा प्रताप पुरस्कार से सम्मानित एवं पूर्व अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल खिलाड़ी और भारतीय टीम के पूर्व कप्तान सत्यप्रकाश यादव मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी और पदक प्रदान किए। उन्होंने कहा कि खेल बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता विकसित करने के साथ संघर्ष की भावना भी मजबूत करता है।

## मोतियाबिंद जांच व नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर कल

नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ माहेश्वरी सभा ट्रस्ट, शंकरा आई हॉस्पिटल व जिला अंधता निवारण समिति जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में 42वां नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच व नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन 26 अगस्त बुधवार को माहेश्वरी भवन में होगा। शिविर प्रभारी व ट्रस्टी नरेंद्र झंवर ने बताया कि स्व. परमात्मा देवी-बाबूलाल रामगढ़िया की स्मृति में उनके परिवार द्वारा लगने वाले शिविर में मरीजों की नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच व आधुनिक तकनीक द्वारा बिना टांके का ऑपरेशन जयपुर ले जाकर किया जाएगा। शिविर में सभी प्रकार की व्यवस्थाएं पूर्णता नि:शुल्क रहेगी।

# पीले दांतों के सफेद बनाने के लिए ट्राई करें ये घरेलू नुस्खे, हफ्ते भर में चमकने लगेंगे दांत

शरीर के साथ दांतों की साफ-सफाई का ध्यान रखने की भी आवश्यकता होती है। अक्सर हम शरीर की साफ-सफाई पर तो ध्यान दे पाते हैं, लेकिन अपने दांतों पर ध्यान नहीं दे पाते हैं। इसके कारण दांतों में दर्द, पायरिया, इंफेक्शन जैसी समस्याएं होने लगती हैं। वहीं खराब खानपान की आदतों और दांतों की देखभाल न करने के कारण भी दांतों में पीलापन जमने लगता है। इसके कारण बोलने, खाने में शर्मिंदा भी होना पड़ सकता है।



## सेब का सिरका

दांतों की गंदगी साफ करने के लिए सेब के सिरके के गरारे करना एक बेहतर समाधान हो सकता है। एक गिलास गुनगुने पानी मे 1 चम्मच सेब का सिरका डालकर गरारे करने से दांतों के पीलेपन से छुटकारा मिल सकता है। इसे आप ब्रश करने से पहले इस्तेमाल कर सकते हैं। सेब के सिरके से गरारे करने से यह दांतों को ब्लीच करता है, जिससे दांतों की पुरानी रंगत वापस आ पाती है।

## नमक और नींबू

दांतों में चमक लाने के लिए नमक और नींबू सदियों पुराना आजमाया गया नुस्खा है। इसके लिए आप 2 चुटकी नमक में नींबू का रस मिलाकर इस्तेमाल कर सकते हैं। इसे सप्ताह में 2 बार इस्तेमाल करने से दांतों का पीलापन कम होने लगता है। नमक में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स दांतों की गहराई से सफाई करने में मदद करते हैं। वहीं नींबू में मौजूद एंटी-बैक्टीरियल गुण दांतों पर ब्लीच का काम करते हैं और इन्हें चमकदार बनाते हैं।

## स्ट्रॉबेरी का पेस्ट

दांतों में प्राकृतिक रूप से चमक लाने के लिए स्ट्रॉबेरी का पेस्ट काफी फायदेमंद साबित हो सकता है। इस पेस्ट को तैयार करने के लिए 3-4 स्ट्रॉबेरी को मैश कर लें। अब इसमें आधा चम्मच बेकिंग सोडा मिलाकर पेस्ट तैयार करें। इस पेस्ट से दांतों पर 2 मिनट मसाज करें और कुल्ला कर लें। स्ट्रॉबेरी में मौजूद बारीक कण दांतों की गंदगी को साफ करते हैं। वहीं बेकिंग सोडा होने से यह दांतों को ब्लीच करने में मदद कर सकता है।

## नारियल तेल से मसाज

दांतों में प्राकृतिक रूप से चमक लाने के लिए नारियल तेल से मसाज करना काफी फायदेमंद हो सकता है। नारियल तेल में मौजूद लॉरिक एसिड में एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-माइक्रोबियल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं। यह दांतों में प्लाक पैदा करने वाले बैक्टीरिया को कम करते हैं, जिससे दांतों की गहराई से सफाई होने में मदद मिलती है।

## अमरूद की पत्तियां

अमरूद की कुछ पत्तियों को पीसकर इसका पेस्ट तैयार कर लें। इस पेस्ट को उंगलियों की सहायता से दांतों पर रगडें और कुछ देर तक रहने दें। इसके बाद कुल्ला करके साधारण तौर पर ब्रश कर लें। अमरूद की पत्तियों में पाए जानें वाले फ्लेवोनोइड दांतों पर ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस को कम करने में मदद कर सकता है।

# हाई बीपी को कंट्रोल कर सकते हैं अरबी के पत्ते, इस तरह से करें सेवन

खराब दिनचर्या की वजह से हमें कई तरह की बीमारियां होने लगती है। दरअसल, शारीरिक गतिविधियों में आने वाली कमी और हमेशा काम की टेंशन की वजह से लोग तेजी से बीमारी की चपेट में आने लगे हैं। शारीरिक गतिविधियों में कमी के कारण लोगों में हाई ब्लड प्रेशर की समस्या बढ़ती जा रही है। इस समस्या में व्यक्ति का ब्लड सर्कुलेशन प्रभावित होता है। जिसकी वजह से आपको चक्कर, उल्टी व घबराहट होने लगती है। लेकिन, आप डाइट में बदलाव करें, तो इस समस्या को आसानी से कम किया जा सकता है।



**पोटैशियम से भरपूर :** अरबी की पत्तियों में पोटेशियम पाया जाता हैं। पोटेशियम हाई ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में फायदेमंद होता है। पोटेशियम शरीर में सोडियम के स्तर को संतुलित करने और नसों को आराम देने में मदद करता है। नियमित रूप से अरबी के पत्तों का सेवन करके, आप ब्लड प्रेशर को नॉर्मल कर सकते हैं। इससे हार्ट पर प्रेशर कम होता है।

**सोडियम की मात्रा कम होना :** सोडियम हाई ब्लड प्रेशर के लिए जिम्मेदार होता है। सोडियम के सेवन से वाटर रिटेनशन की समस्या होती है। अरबी के पत्तों में सोडियम की मात्रा कम होता है, जिससे व्यक्ति को नमक ज्यादा खाने की आवश्यकता नहीं होती हैं। अरबी के पत्तों से आप ब्लड प्रेशर को कंट्रोल कर सकते हैं।

**फाइबर की अधिक मात्रा :** फाइबर, हार्ट के लिए आवश्यकत पोषक तत्व माना जाता है। अरबी के पत्तों में फाइबर उच्च मात्रा में पाया जाता है। अरबी में मौजूद फाइबर कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करता है। जिससे हाई बीपी की समस्या में आराम मिलता है।

**उबाल कर खाएं :** अरबी की पत्तियों साफ से धोने के बाद इसे एक बार उबाल लें। इसके बाद इसमें चुटकी भर नमक व थोड़ा सा नींबू मिलाकर, भोजन के साथ सेवन कर सकते हैं।

**सैंडविच बनाएं :** अरबी के पत्तों को साफ कर आप उन्हें ब्रैड के बीच में रखकर सैंडविच बना सकते हैं। इस सैंडविच में आप अन्य सब्जियो को भी मिला सकते हैं।

## अरबी पत्ता स्मूदी

ताजा और पोषक तत्वों से भरपूर स्मूदी के लिए अरबी की पत्तियों को केले, आम और अनानास जैसे फलों के साथ ब्लेंड करें और इस ड्रिंक से ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करें।

## भरवां अरबी के पत्ते

अरबी के पत्तों के अंदर पनीर और मसाले भरें। इसके बाद इसे हल्का सा उबाल लें। अब इसके ऊपर हल्का सा चाट मसाला डालकर खाएं।

# 10 साल की उम्र तक अपने बच्चों को जरूर सिखा दें ये बातें, पूरी जिंदगी आएंगी उनके काम

आज के समय में बच्चों को सही परवरिश देना पेरेंट्स के लिए एक चैलेंज बन गया है। एकल परिवार में अधिकतर पेरेंट्स कई बार बिजी रहते है। जिस कारण बच्चे अधिकतर समय मोबाइल और लैपटॉप पर बिताते हैं। इस कारण बच्चे कई बार उम्र से पहले कई गलत चीजें सीख लेते हैं, जो उनके विकास के लिए सही नहीं होता है। ऐसे में 10 साल की उम्र तक पेरेंटेस को कुछ बातें बच्चों को अवश्य सिखानी चाहिए। इन बातों को बच्चों को सिखाने से बच्चों के विकास में मदद मिलेगी और उन्हें सही जानकारी भी मिलेगी। बच्चों को इन बातों को सिखाते समय ध्यान रखें कि बच्चों को पहले प्यार से सहलाएं। ऐसा करने से उनका आपके प्रति विश्वास बढ़ेगा और वह आपकी बताई बातों को अमल में लाने की कोशिश भी करेंगे। यह बातें बच्चों को अच्छा बेहतर इंसान बनाने में मदद करेगी।



**बच्चों का बॉडी से परिचय कराएं :** 10 साल के बच्चों को बॉडी के बारे में सही जानकारी देना शुरू करें। यह सही उम्र हाती है। जब बच्चे को इस बारे में जानकारी दी जा सकती हैं। उन्हें गुड टच व बैड टच के बारे में इस बारे में सही जानकारी दें। इस उम्र में बच्चों को पर्सनल हाइजीन के बारे में भी बताएं।

**बच्चों को नापसंद काम न करने दें :** आजकल के सोशल मीडिया के जमाने में बच्चे कई बार ऐसा काम करते हैं, जो उन्हें पसंद नहीं होता। ऐसे में बच्चों को इस बारे में अवश्य बताएं कि वह काम हरगिज न करें, जो उन्हें पसंद न हो। अगर बच्चा ऐसा करता है, तो उसके विकास पर असर होता है।

**ग्रेड को महत्व न दें :** कई बार माता पिता बच्चों के इस उम्र में आते- आते बच्चों की ग्रेड को महत्व देने लगते है। जिस कारण कई बार बच्चे तनाव में रहने लगते हैं। ऐसे में बच्चों को 10 साल की उम्र तक बच्चों को ये समझाएं है कि ग्रेड के साथ नॉलेज पर भी ध्यान दें।

**सबका सम्मान करना सिखाएं :** आज के समय में जहां बच्चे घर के सदस्यों के साथ सोशल मीडिया पर भी समय बिताते है। ऐसे में बच्चों को इस समय कई बार बच्चे बड़ों की इज्जत कम करते हैं। ऐसे में बच्चों को इस समय तक बड़ों की इज्जत करने सिखाएं। ऐसा करने से उनके विकास में मदद मिलेगी और वह एक अच्छे इंसान भी बनेंगे।

**पर्सनल हाइजीन के बारे में बताएं :** बच्चों को 10 साल की उम्र तक पर्सनल हाइजीन के बारे में अवश्य बताएं। बच्चों को हाथ धोने और बॉडी को साफ रखने के बारे में भी जानकारी दें। बॉडी में हो रहे बदलाव के बारे में भी बच्चों को अवश्य बताएं।

**बच्चों को अच्छी संगत के बारे में बताएं :** 10 साल की उम्र तक बच्चे दोस्त बनाने भी शुरू कर देते हैं। ऐसे में कोशिश करें कि बच्चों को सही या गलत संगत के बारे में बताएं। ऐसा करने से बच्चों को सही इंसान बनने में मदद मिलेगी। कई बार गलत संगत से बच्चे इस उम्र में गलत आदतें सीख लेते हैं।

# रातभर पानी में भिगोकर रखें पिस्ता, सुबह खाने से सेहत को मिलेंगे ये खास फायदे

पिस्ता एक ऐसा ड्राई फ्रूट है, जो पोषक तत्वों से भरपूर होता है। इसमें विटामिन बी6, प्रोटीन, फाइबर, कैल्शियम, आयरन, मैग्नीशियम, फॉस्फोरस, पोटैशियम, कॉपर और एंटीऑक्सीडेंट्स जैसे पोषक तत्व प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। ज्यादातर लोग पिस्ता का इस्तेमाल खीर, हलवा या लड्डू आदि बनाने के लिए करते हैं। वहीं, कुछ लोग दूध में पिस्ता डालकर पीते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि पिस्ता को पानी में भिगोकर खाना सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है? जी हां, रोज सुबह खाली पेट भीगे हुए पिस्ता खाने से सेहत को कई लाभ मिल सकते हैं। इससे ब्लड शुगर कंट्रोल में रहेगा और हड्डियां मजबूत बनेंगी। साथ ही, यह आंखों के लिए भी लाभकारी होता है।

**इम्यूनिटी बूस्ट करे :** पिस्ता में विटामिन्स, मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट्स जैसे पोषक तत्व भरपूर मात्रा में होते हैं। ऐसे में अगर आप रोज भीगे पिस्ता का सेवन करते हैं, तो इससे आपकी इम्यूनिटी बूस्ट होगी। इससे आप वायरस, बैक्टीरिया और गंभीर बीमारियों की चपेट में आने से बच सकते हैं।

**दिल को रखे स्वस्थ :** भीगे हुए पिस्ता का सेवन दिल की सेहत के लिए फायदेमंद होता है। इसमें फाइबर और पोटैशियम प्रचुर मात्रा में होते हैं, जो ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने में मदद करते हैं। इसके नियमित सेवन से शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल का स्तर कम होता है, जिससे दिल की बीमारियों का जोखिम कम होता है।

**हड्डियां मजबूत बनाए :** भीगे हुए पिस्ता खाने से हड्डियां मजबूत होती हैं। साथ ही, हड्डियों के विकास में भी मदद मिलती है। इसमें कैल्शियम और मैग्नीशियम भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं, जो हड्डियों के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। नियमित रूप से भीगे पिस्ता खाने से हड्डियों से जुड़ी समस्याएं दूर हो सकती हैं।

**वजन घटाने में मददगार :** अगर आप वजन कम करना चाहते हैं, तो आपको भीगे पिस्ता का सेवन करना चाहिए। इसमें



फाइबर होता है, जो पेट को लंबे समय तक भरा हुआ रखता है। इसे खाने से आपको बार-बार भूख नहीं लगती है और आप ओवरईटिंग से बच जाते हैं। इस तरह यह वजन प्रबंधन में मददगार होता है।

**ब्लड शुगर को कंट्रोल रखे :** भीगे पिस्ता का सेवन डायबिटीज रोगियों के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। दरअसल, पिस्ता का ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है। वहीं, इसमें फाइबर अच्छी मात्रा में होता है, जो ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने में मदद करता है। इसके सेवन से ब्लड शुगर लेवल स्पाइक को रोकने में मदद मिल सकती है।

# डायबिटीज मरीजों के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं पपीते के बीज, उपयोग का तरीका

हमारी खानपान की अनियमित आदत की वजह से डायबिटीज व बीपी की समस्या होने लगती हैं। ये दोनों ही समस्या आज हर दूसरे व्यक्ति को अपनी चपेट में लेने लगी है। आपको बता दें कि खून में शुगर का स्तर बढ़ने से आपको कई अन्य तरह की समस्या होने का  खतरा बढ़ जाता है। कुछ लोगों को डायबिटीज अनुवांशिक होती है। आज के दौर में ये समस्या हमारी जीवनशैली की वजह से होने लगी है। शुगर के मरीजो को अपनी डाइट में विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है। खाने की सही आदत की वजह से डायबिटीज को काफी हद को कंट्रोल किया जा सकता है। कुछ आहार से आप डायबिटीज को कंट्रोल कर सकते हैं, जैसे जामुन के बीज का पाउडर, करेला, पपीते के बीज का सेवन किया जा सकता है। डायबिटीज के मरीजों के लिए पपीते के बीज काफी फायदेमंद होते हैं।



## क्या पपीते के बीज डायबिटीज में फायदेमंद होते हैं?

पपीते में भरपूर मात्रा में फाइबर होता है। कई हेल्थ एक्सपर्ट डायबिटीज में इसे डाइट में शामिल करने की सलाह देते हैं। पपीते के बीज पाचन तंत्र को बेहतर करने में सहायक होते हैं। साथ ही इसकी वजह से खून में ब्लड शुगर के स्पाइकस नहीं बनते हैं। पपीता भी डायबिटीज के लिए मरीजों के लिए फायदा होता है।

## डायबिटीज में पपीते के बीज के फायदे

- डायबिटीज के मरीजों के लिए पपीते के बीज फायदेमंद माने जाते हैं। इस फल में पपैन एंजाइम पाया जाता है, जो आपके डाइजेशन को बेहतर करता है। नियमित रूप से पपीते के बीज खाने से आपको कई फायदे मिल सकते हैं।
- पपीते के साथ ही आप इसके बीज का भी सेवन कर सकते हैं। इसमें फाइबर की भरपूर मात्रा होती है। ये  हार्ट हेल्थ के लिए भी बेहतर होता है। साथ ही इससे आपका ब्लड शुगर का स्तर भी सही होता है।
- पपीते के बीज फ्लेवोनोइड्स व अन्य एंटीऑक्सिडेंट तत्व पाए जाते हैं। ये पोषक तत्व डायबिटीज की वजह से होने वाले अन्य जोखिम कारकों को कम करने में सहायक होते हैं।
- पपीते के बीज शुगर को नियंत्रित करने में मदद करते हैं। क्योंकि इसमें हेक्साडेकोनिक एसिड, ओलिक एसिड और मिथाइल एस्टर जैसे एंटी डायबिटीक तत्व होते हैं।

## किस तरह खाएं पपीते के बीज?

आप इसे जामुन की बीज की तरह पीस कर खा सकते हैं। पपीते बीज काफी कड़वे होते हैं इसलिए इसको पहले सूखा लें। इसके बाद इसे मिक्सी में पाउडर बना लें। इसक बाद आप जूस या पानी में डालकर इसका सेवन कर सकते हैं।

## पपीते के बीज खाना कितना सुरक्षित है?

पपीते बीज को खाने से आपको किसी तरह की समस्या नहीं होती है, लेकिन इसका सेवन सीमित मात्रा में ही करना चाहिए। अधिक मात्रा में सेवन करने से आपको कई तरह की समस्या हो सकती है।

- पपीते के बीज कड़वे होते है, इसलिए अधिक मात्रा में खाने से आपकी पाचन क्रिया में प्रभाव पड़ सकता है।
- गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं को पपीते के बीजों का सेवन करने से पहले डॉक्टरी सलाह लेनी चाहिए। क्योंकि इस समय आपके दूध में उसके तत्व आ सकते हैं। जो बच्चे के लिए हानिकारक हो सकते हैं।

# ज्यादा लीची खाने से सेहत को हो सकते हैं ये नुकसान

गर्मी में लीची खाना अधिकतर लोगों को अच्छा लगता  है। लीची में कई तरह के पोषक तत्व पाए जाते हैं जैसे, सोडियम, पोटेशियम, फाइबर और प्रोटीन। इसको खाने से शरीर की कई समस्याएं दूर होने के साथ शरीर हेल्दी रहता है। गर्मी में लीची खाने से शरीर में पानी की कमी नहीं होती है और गर्मी से भी शरीर का बचाव होता है। लीची खाने से इम्यूनिटी मजबूत होने के साथ पेट को भी ठंडक मिलती है। लीची बच्चों से लेकर घर के बड़ों को भी काफी पसंद होती है। लेकिन क्या आप जानते  हैं कि ज्यादा लीची खाने से शरीर को कई तरह के नुकसान भी हो सकते है।



## मोटापा

लीची में शुगर की मात्रा काफी ज्यादा पाई जाती है, जो वजन को बढ़ाने के साथ बैली फैट को भी बढ़ाती है। इसके ज्यादा सेवन से मोटापे की समस्या हो सकती है। जिन लोगों का वजन अधिक  होता है उन्हें ज्यादा लीची खाने से बचना चाहिए।

## फूड प्वाइजिंग

ज्यादा मात्रा में लीची खाने से फूड पॉइजनिंग की समस्या हो सकती है और कई बार पेट खराब, दर्द और डायरिया की समस्या भी हो सकती है। ऐसे में ज्यादा मात्रा में लीची खाने से बचें । कई बार खराब या सड़े लीची खाने की वजह से हानिकारक पदार्थ शरीर के अंदर चला जाता है। इसकी वजह से फूड प्वाइजिंग की समस्या हो सकती है।

## सर्जरी से पहले

सर्जरी के 3 से 4 हफ्ते पहले से लीची खाना बंद कर देना चाहिए, क्योंकि इसके सेवन के बाद डायबिटीज को कंट्रोल करना मुश्किल हो सकता है। लीची का ज्यादा सेवन ब्लड शुगर को बढ़ा सकता है।

## लो ब्लड प्रेशर

जिन लोगों को लो ब्लड प्रेशर की समस्या होती है उन्हें भी ज्यादा मात्रा में लीची खाने से बचना चाहिए, क्योंकि इसको खाने से ब्लड प्रेशर लो होने के साथ शरीर में कई तरह की समस्याएं भी हो सकती है। लो ब्लड प्रेशर में लीची खाने से सुस्ती, बेहोशी और थकान की समस्या हो जाती है।

## एलर्जी की समस्या

जिन लोगों को एलर्जी  की शिकायत रहती है उन्हें ज्यादा मात्रा में लीची खाने से बचना चाहिए। साथ ही, कई बार ज्यादा लीची खाने से इंचिंग, खुजली और रेडनेस की समस्या भी बढ़ सकती है।

# पेट में बढ़ गई है गर्मी, तो इसे शांत करने के लिए अपनाएं ये आसान तरीके

गर्मियों में पेट खराब होने की समस्या होना आम बात है। मसालेदार खाने के कारण पेट में गर्मी होने लगती हैं। जिसकी वजह से व्यक्ति को दस्त, गैस व पेट दर्द की समस्या हो सकती है। दरअसल, पेट की गर्मी होने के कई कारण हो सकते हैं। इससे पेट की पाचन क्रिया खराब हो जाती है। रात के समय अधिक खाना, देर रात में खाना खाने, शराब का सेवन अधिक करना व अनियमित जीवन शैली पेट की गर्मी बढ़ने लगती हैं।

**नारियल पानी :** नारियल पानी में प्राकृतिक रूप से ठंडक देने वाले गुण होते हैं, जो पेट की गर्मी को शांत करने में मदद करते हैं। इससे आप पेट  और शरीर की गर्मी को शांत कर सकते हैं। नारियल पानी में मौजूद मलाई को आप चेहरे पर भी लगा सकत हैं। इससे चेहरे की कई बीमारियां दूर होती है।

**छाछ का सेवन करें :** गर्मियों के मौसम में पेट की गर्मी को शांत करने के लिए आप छाछ का सेवन कर सकते हैं। छाछ से पेट की गर्मी शांत होने के साथ ही पाचन क्रिया बेहतर होती है। जिससे आपका खाना आसानी से पचता है और आपको गैस व पेट में ऐंठन आदि की समस्या दूर होती हैं।

**पुदीना :** पुदीने की पत्तियां औषधीय और प्राकृतिक गुण होते हैं, जो पेट की गर्मी को शांत करने का काम करते हैं। पुदीने की पत्तियों को पीसकर आप इसमें नींबू का रस मिलाएं। इसके बाद इस रस को एक गिलास पानी में मिला दें। इस पानी का सेवन करने से आपके पेट की गर्मियां शांत होती है और पेट की समस्याएं दूर होती है।

**ठंडे दूध का सेवन करें :** गर्म दूध की बजाय ठंडा दूध पीना भी पेट को शीतलता प्रदान कर सकता है। दूध में मौजूद प्रोटीन और कैल्शियम हमारे शरीर को ऊर्जा प्रदान करते हैं और पेट की गर्मी को कम करते हैं। यदि आप चाहें तो इसे हल्के मेवे जैसे खजूर, बादाम या केशर के साथ पी सकते हैं। ठंडा दूध पीने से आपका पेट ठंडा और शांत हो जाता है, जिससे आप गर्मियों में आराम से रह सकते हैं।

**जीरा पानी का सेवन करें :** एक गिलास गर्म पानी में थोड़ा सा जीरा मिलाकर पीने से पेट की गर्मी कम होती है। जीरा में मौजूद गुण पेट को शीतल और आरामदायक बनाने में मदद करते हैं। इसे गर्मियों में रोजाना पीने से आपको ठंडक मिल सकती है।

**संतरा और नींबू का रस :** एक गिलास पानी में नींबू या संतरे का रस मिलाकर पीने से पेट की गर्मी कम हो सकती है। इन फलों में विटामिन सी, एंटीऑक्सीडेंट्स और ताजगी होती है जो पेट को शीतल बनाने में मदद करती हैं।

# भाजपा ले रही 60 वार्डों में टिकटार्थियों से आवेदन, 19 नंबर कॉलम बना दावेदारों की मुश्किल

अमित प्रजापत

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** निकाय चुनावों को लेकर भाजपा नगरपरिषद क्षेत्र में सक्रिय है और 60 वार्डों के लिए 60 भाजपा नेताओं को प्रभारी बनाया गया है, जिनके पास सम्बंधित वार्ड के अपने आपको भाजपा की टिकट का दावेदार मानने वाले नेता या कार्यकर्ता पार्षद की टिकट के लिए अपना आवेदन दे सकेंगे। इस आवेदन में मुकदमों की जानकारी, पहले कभी पार्टी से निष्पासित होने की जानकारी, भाजपा की सदस्यता कितने सालों से है, इसके बारे में जानकारी चाही गई है। अपने आपको प्रत्याशी के तौर पर दावेदार समझने वाले नेताओं के लिए इस आवेदन पत्र में एक मुश्किल भरी जानकारी भी मांगी गई है, जो क्रमांक संख्या 19 पर दर्ज है। यह जानकारी इस प्रकार की है कि दावेदार इस कॉलम को भरते वक्त असमंजस में पड़ रहे हैं। कॉलम संख्या 19 में पूछा गया है कि आपके अलावा अन्य तीन कार्यकर्ताओं के नाम प्रत्याशी के लिए वरीयता से सुझावें। समस्या ये है कि प्रत्येक दावेदार अपने आपको वार्ड के लिए सबसे सूटेबल केंडिडेट समझता है और उसके लिए दूसरे 3 प्रत्याशियों या प्रत्याशी के तौर पर कार्यकर्ताओं के नाम बताना काफी मुश्किल साबित हो रहा है। हालांकि कई दावेदार इस कॉलम को मुश्किल से भर रहे हैं लेकिन कुछ अभ्यर्थी इस कॉलम में निल लिखकर भी प्रभारियों को अपने आवेदन जमा करवा रहे हैं। प्रभारियों द्वारा निर्दलीय के तौर पर चुनाव नहीं लड़ने के लिए भी आवेदकों के मौखिक रूप से कहा जा रहा है।

**इन 60 प्रभारियों के पास हो रहे आवेदन पत्र**– नगर निकाय चुनाव 2026 को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने 60 वार्डों के वार्ड प्रभारियों को टिकट के लिए आवेदकों के आवेदन पत्र एकत्रित करने की जिम्मेदारी दी है। भाजपा मंडल महामंत्री गौरव शर्मा द्वारा वार्ड प्रभारियों की सूची जारी की गई है। जिसके अनुसार वार्ड 1 अशोक प्रजापत, वार्ड 2 गोपाल पारीक, वार्ड 3 राजकुमार पारीक, वार्ड 4 अनिल प्रजापत, वार्ड 5 शोभांग कंवर, वार्ड 6 संदीप सोनी, वार्ड 7 नरेन्द्र भाटी, वार्ड 8 शंकर जिलोया, वार्ड 9 श्रीराम बिहानी, वार्ड 10 एड. मोहम्मद सलीम, वार्ड 11 एड मोहम्मद दयान, वार्ड 12 एड प्रियांशु लड़ा, वार्ड 13 लीलाधर खण्डेलवाल, वार्ड 14 वैद्य भंवरलाल काछवाल, वार्ड 15 भूराराम जांगिड़, वार्ड 16 सीताराम माली, वार्ड 17 प्रकाश भार्गव, वार्ड 18 अनिल प्रजापत, वार्ड 19 वेद प्रकाश नाथ, वार्ड 20 राजेश सेन, वार्ड 21 सीताराम सोनी, वार्ड 22 गंगाधर लाखन, वार्ड 23 मुरारी खण्डेलवाल, वार्ड 24 राहुल प्रजापत, वार्ड 25 गौरव शर्मा, वार्ड 26 पवन प्रजापत, वार्ड 27 विनोद सोनी, वार्ड 28 एड. विमल कुदाल, वार्ड 29 आलोक शर्मा, वार्ड 30 महेश पारीक, वार्ड 31 एड. दशरथसिंह, वार्ड 32 ओमप्रकाश सोनी, वार्ड 33 श्रवणसिंह राठौड़, वार्ड 34 मणीराम स्वामी, वार्ड 35 विकास सोनी, वार्ड 36 विकास गोवला, वार्ड 37 भागीरथ करवा, वार्ड 38 विनोद प्रजापत, वार्ड 39 प्रहलाद जाखड़, वार्ड 40 राकेश जांगिड़, वार्ड 41 देवेन्द्र भाटी, वार्ड 42 अंकित चौहान, वार्ड 43 एड. पार्थ नवहाल, वार्ड 44 एड. मनीष दाधीच, वार्ड 45 मोहन दर्जी, वार्ड 46 खुशीराम चान्दरा, वार्ड 47 सुभाष सोनी, वार्ड 48 भीकमचन्द जोशी, वार्ड 49 नवरत्न पुरोहित, वार्ड 50 अभिषेक दाधीच, वार्ड 51 अंजनी रांकावत, वार्ड 52 लक्ष्मीनारायण सोनी, वार्ड 53 रूपाराम गुलेरिया, वार्ड 54 बसंत दाधीच, वार्ड 55 एड. शुभम खण्डेलवाल, वार्ड 56 विजय चौहान, वार्ड 57 विजय शर्मा बढ़ाढ़रा, वार्ड 58 कमल दाधीच, वार्ड 59 भैराराम मेघवाल और वार्ड 60 प्रकाश सोनी को वार्ड प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जो टिकट की दावेदारी करने वाले कार्यकर्ताओं के आवेदन पत्र एकत्रित कर रहे हैं।

**नगरपरिषद में एनओसी लेने वालों का तांता**– नगरपरिषद में वार्ड पार्षद का चुनाव लड़ने के लिए एनओसी लेने वालों का तांता लगा हुआ है। एएफओ रूप सिंह ने बताया कि सोमवार की शाम को पांच बजे तक 320 से अधिक लोगों ने एनओसी के लिए आवेदन किया है, जिनको निर्धारित प्रक्रिया के बाद एनओसी जारी की जा रही है। दूसरी ओर अगर एनओसी लेने वाले सभी लोग चुनाव लड़ते हैं, तो औसतन एक वार्ड में 5 से ज्यादा प्रत्याशी हो सकते हैं। दिनांक 27 से 31 अगस्त तक होने वाले नामांकन के बाद ही वास्तवित तस्वीर साफ होगी कि किस वार्ड में कितने प्रत्याशी सामने आते हैं।

## हनुमान मंदिर में शिव परिवार मूर्ति की हुई प्राण प्रतिष्ठा



निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** केसीसी के थर्ड सेक्टर स्थित हनुमान मंदिर में सावन के अंतिम सोमवार को शिव परिवार की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। माकड़ो निवासी डॉ रोहिताश डागर की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम में उनकी पत्नी संतोष डागर, पुत्र अजय डागर एवं सुशीला डागर की मुख्य यजमानी में पंडित अनिल जोशी ने विधिवत पूजा-अर्चना एवं धार्मिक अनुष्ठान करवाकर मंत्रोच्चार के साथ शिव परिवार की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा करवाई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान शिव एवं शिव परिवार की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। इस मौके पर चरणसिंह डागर, यश डागर, दिव्या चौधरी, सिंगरी देवी, सुमन, डॉ प्रांजल, देवांशी सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।

## नगर निकाय चुनाव में साइबर ठगों की नजर : फर्जी लिंक-ओटीपी से ठगी का खतरा

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** नगर निकाय एवं पंचायती राज संस्थाओं के आगामी चुनावों को देखते हुए राजस्थान पुलिस ने मतदाताओं, प्रत्याशियों, राजनीतिक कार्यकर्ताओं और चुनाव ड्यूटी में लगे कार्मिकों के लिए साइबर सुरक्षा एडवाइजरी जारी की है। पुलिस ने फर्जी वोटर लिंक, ओटीपी, क्यूआर कोड, फिशिंग ई-मेल और डीपफेक वीडियो के जरिए होने वाली साइबर ठगी से सावधान रहने की अपील की है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक साइबर क्राइम एवं तकनीकी सेवाएं वीके सिंह ने बताया कि साइबर ठग व्हाट्सऐप और एसएमएस के जरिए वोटर लिस्ट में नाम देखें या पोलिंग बूथ बदल गया है। जैसे संदेश भेजकर फर्जी लिंक पर क्लिक करा सकते हैं। मतदाता सूची और मतदान संबंधी जानकारी के लिए केवल अधिकृत सरकारी वेबसाइट का उपयोग करने की सलाह दी गई है। पुलिस ने चेताया कि चुनाव अधिकारी बनकर फोन करने वाले किसी व्यक्ति को वोटर कार्ड अपडेट, सत्यापन या अन्य प्रक्रिया के नाम पर ओटीपी, बैंक डिटेल, यूपीआई पिन या निजी जानकारी साझा नहीं करें। चुनाव प्रचार या चंदे के नाम पर भेजे गए क्यूआर कोड और यूपीआई लिंक की भी जांच करने को कहा गया है। पैसा प्राप्त करने के लिए यूपीआई पिन डालने की जरूरत नहीं होती। चुनाव के दौरान नेताओं के नाम से फर्जी वीडियो, ऑडियो, भाषण और डीपफेक सामग्री सोशल मीडिया पर वायरल होने की आशंका जताई गई है। पुलिस ने बिना आधिकारिक पुष्टि के ऐसी सामग्री पर विश्वास या उसे आगे प्रसारित नहीं करने की अपील की है। प्रत्याशियों और कार्यकर्ताओं को सोशल मीडिया खातों पर टू-स्टेप वेरिफिकेशन 2 एफए सक्रिय करने तथा मजबूत पासवर्ड रखने की सलाह दी गई है। व्हाट्सऐप ग्रुप एडमिन को भी केवल भरोसेमंद सदस्यों को संदेश पोस्ट करने की अनुमति देने और जरूरत के अनुसार सिर्फ एडमिन सेटिंग का इस्तेमाल करने को कहा गया है। वहीं, चुनाव ड्यूटी में लगे कार्मिकों को संवेदनशील चुनावी डेटा या ईवीएम-वीवीपैट संबंधी जानकारी निजी डिवाइस और सार्वजनिक वाई-फाई पर साझा नहीं करने की हिदायत दी गई है।

## ऑपरेशन चौकस : व्हाट्सएप पर मिली शिकायत पर पुलिस ने दबोचे नशे-शराब के कारोबारी

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर पश्चिम पुलिस के ऑपरेशन चौकस के तहत आमजन से व्हाट्सएप पर मिली सूचनाओं के आधार पर अवैध शराब, मादक पदार्थ और आपराधिक गतिविधियों के खिलाफकार्रवाई की गई। वहीं 30 जुलाई से शुरू अभियान में दौलतपुरा, बिंदायका, भांकरोटा, करणी विहार, हरमाड़ा, सदर, मुरलीपुरा और विश्वकर्मा थाना क्षेत्रों में अब तक 11 प्रकरण दर्ज कर आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि कई संदिग्धों को भी पकड़ा गया। डीसीपी पश्चिम प्रशांत किरण ने बताया कि शिकायतों की गोपनीय जांच के बाद चिन्हित ठिकानों पर दबिश दी गई। कार्रवाई में आबकारी अधिनियम के नौ और एनडीपीएस एक्ट के दो मामले दर्ज किए गए। भांकरोटा में महापुरा बर्फ फैक्ट्री के पीछे और सिरसी रोड स्थित साक्षी टावर के पास अवैध देशी शराब बिक्री के मामले पकड़े गए। हरमाड़ा के बालनाथ नगर और बिंदायका में भी शराब बिक्री के खिलाफ कार्रवाई हुई। मुरलीपुरा में तिवारी मार्केट निवासी राजन कुमारी को एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार किया गया। सदर थाना क्षेत्र की फूस का बंगला कच्ची बस्ती में भी अवैध नशीली सामग्री बेचने के आरोप में महिला को पकड़ा गया। विश्वकर्मा के रोड नंबर 17 जेडीए कॉलोनी में इंजेक्शन से नशा करते चार लोगों तथा दौलतपुरा नट बस्ती से चार संदिग्धों को धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार कर दो मोटरसाइकिल जब्त की गईं। करणी विहार में अवैध गैस सिलेंडर रिफिलिंग की सूचना पर डीएसओ टीम को मौके पर बुलाकर कार्रवाई कराई गई।



## बेरला के दक्ष नेहरा का योगासन में राष्ट्रीय स्तर पर चयन

कृष्ण कुमार गांधी

**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** जयपुर में आयोजित 7वीं राजस्थान स्टेट योगासना-2026 प्रतियोगिता में बेरला के दक्ष नेहरा ने सिल्वर मेडल जीतकर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी जगह बनाई। दक्ष के राष्ट्रीय स्तर पर चयन होने से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। व्याख्याता रामप्रताप सैनी ने बताया कि राजकीय विद्यालय बेरला, वीडीजी एवं माही स्टूडियो के संयुक्त सहयोग और प्रशिक्षण से बेरला के सात खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। इनमें दक्ष नेहरा ने सिल्वर मेडल, जबकि सारिका, अंशु गहलावत, परी, मौसम मेघवाल, महक अग्रवाल व मौसम खरड़िया ने ब्रॉन्ज मेडल जीतकर जिले का नाम रोशन किया। सोमवार को विद्यालय में विजेता खिलाड़ियों एवं उनके अभिभावकों का सम्मान किया गया। प्रधानाचार्य सुभाषचंद्र खेदड़, प्रधानाचार्य राजेश कुमार, उपप्रधानाचार्य बलवान सिंह, सौरभ, महिपाल सिंह खरड़िया, रतन सिंह खरड़िया व नवीन कुमार ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया। राजेश खरड़िया ने सभी विजेता खिलाड़ियों को डॉक्यूमेंट फाइल भेंट की। बताया गया कि बेरला के पांच खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर राजस्थान का प्रतिनिधित्व किया है। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

## डूण्डलोद विद्यापीठ में अंतर सदन प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने दिखाया हुनर

निसं




**डूण्डलोद ( नवयत्न )।** डूण्डलोद विद्यापीठ में अंतर सदन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। एक्टिविटी प्रभारी ममता सहल के नेतृत्व में फैंसी ड्रेस, हिंदी एवं अंग्रेजी कविता वाचन तथा जीके क्विज प्रतियोगिताएं हुईं। विभिन्न सदनों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा और कौशल का प्रदर्शन किया। निर्णायक मंडल में प्रदीप जोशी, रामस्वरूप टेलर एवं सारिका वाले शामिल रहे। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में नर्सरी से यूकेजी तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

इसमें मीरा सदन की सुनीशा प्रथम, विवेकानंद सदन के कार्तिक द्वितीय एवं अनन्या तृतीय स्थान पर रही। हिंदी कविता वाचन प्रतियोगिता में कक्षा पहली व दूसरी के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसमें रामकृष्ण सदन की अनन्या एवं हार्दिक प्रथम, मीरा सदन के अलफाज एवं अर्नव द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर रहे। अंग्रेजी कविता वाचन में रामतीर्थ सदन की विनिशा प्रथम, मीरा सदन की कनिष्का एवं विवेकानंद सदन की लतिका द्वितीय तथा रामकृष्ण सदन के जयंत तृतीय स्थान पर रहे। जीके क्विज प्रतियोगिता में कक्षा तीसरी से पांचवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसमें रामकृष्ण सदन प्रथम, मीरा सदन द्वितीय एवं रामतीर्थ सदन तृतीय स्थान पर रहा। प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को डीवीपी के वार्षिकोत्सव में पुरस्कृत किया जाएगा। इस दौरान मुख्य सलाहकार डॉ. के.डी. यादव, संस्था सचिव मुकेश पारीक, सह सचिव सीताराम जीनगर, प्रबंध समिति के महेश अग्रवाल एवं हुसैन खान, उप प्राचार्य अशोक सेन, ललित दहिया एवं विनय शर्मा ने उपस्थित होकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

## कनेक्ट टेक बोनांजा 2026 में पीएमश्री विद्यालय बना उपविजेता



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** यूईएम द्वारा आयोजित कनेक्ट टेक बोनांजा 2026 का आयोजन उत्सव मैरिज गार्डन, जालपाली में किया गया। प्रतियोगिता में पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, श्रीमाधोपुर के 35 विद्यार्थियों ने विभिन्न इवेंट्स में उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में विद्यालय के साजिद कुरैशी ने बायो ब्रिलियंस में द्वितीय तथा अंकिता कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं साइंस मॉडल में आर्यन शर्मा ने प्रथम स्थान, क्यूरियोसिटी जनरल क्विज में लक्ष्य सेन तथा टेक्निकल आर्ट में दीपिका सैनी ने रनर-अप स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विजेता विद्यार्थियों को चेक एवं प्रमाण-पत्र तथा रनर-अप विद्यार्थियों को प्रशंसा-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य डॉ मधु चौधरी ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए विद्यार्थियों से निरंतर मेहनत एवं नवाचार के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। डॉ चौधरी ने बताया कि गत वर्ष भी विद्यालय ने इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन भौतिक विज्ञान व्याख्याता धन्नाराम जाट ने किया। कार्यक्रम में पीएम श्री गतिविधि प्रभारी ओम प्रकाश गुर्जर एवं शिशुपाल सिंह बिजारणिया उपस्थित रहे।


### सार्वजनिक सूचना

मैं इमरान भाटी पुत्र स्व. श्री रोशन अली भाटी, उम्र 40 वर्षए निवासी वार्ड नं. 12, भारतीय हॉस्पिटल रोड, चूरू, जिला चूरू (राज.) R.K. Construction Company, वार्ड नं. 12, भारतीय हॉस्पिटल रोड, चूरू, पंजीकृत फर्म क्रमांक RF/CRU/2018/899 का भागीदार, शपथपूर्वक घोषण करता हूं कि उक्त फर्म में पूर्व भागीदार संजय पुत्र स्व. रोशन अली भाटी, उम्र 33 वर्ष, निवासी वार्ड नं. 12, भारतीय हॉस्पिटल रोड, चूरू, दिनांक 13.08.2026 को फर्म की भागीदारी से सेवानिवृत्त हो गये हैं। यह कि दिनांक 13.08.2026 को फर्म के साझेदारी विलेख में संशोधन कर निम्न नवीन भागीदारों को फर्म में सम्मिलित किया गया है।

(क) श्रीमती शहनाज पत्नी अब्दुल सलाम, उम्र 37 वर्ष।

(ख) श्रीमती बेनजीर भाटी पत्नी अहमद हुसैन चौहान, उम्र 38 वर्ष।

(ग) श्रीमती नजमा पत्नी मोहम्मद मकसूद, उम्र 44 वर्ष।

सभी निवासी वार्ड नं. 12, भारतीय हॉस्पिटल रोड, चूरू।

यह कि दिनांक 13.08.2026 से फर्म के निरंतर भागीदार इमरान भाटी पुत्र स्व. श्री रोशन अली भाटी उम्र 40 वर्ष एवं श्रीमती राजिया बानो पत्नी स्व. श्री रोशन अली भाटी, उम्र 61 वर्ष, दोनों निवासी वार्ड नं. 12, भारतीय हॉस्पिटल रोड, चूरू, रहेंगे तथा उपरोक्त नवीन भागीदारों के साथ फर्म का संचालन करेंगे।

अत: आमजन को सूचित किया जाता है कि दिनांक 13.08.2026 से संजय उक्त फर्म के भागीदार नहीं रहे हैं तथा उपरोक्त नवीन भागीदार फर्म में सम्मिलित हो चुके हैं।

**इमरान भाटी**
**भागीदार**
**R.K. Construction Company, Churu**

### सार्वजनिक सुचना

यह कि मेरे मुवकिल राजकुमार पुत्र रामकिशन जाती सुनार निवासी रतन शहर तहसील व जिला झुंझुनू अपने आवासीय प्लोट क्षेत्रफल 233.33 वर्ग गज वाके खसरा नं. 457, 458, 459, 461 ग्राम रतनशहर तहसील व जिला झुंझुनू स्थित है है, उक्त प्लोट कि पिछे की रजिस्टी (विक्रय पत्र) जो ललिता देवी पत्नी राजकुमार जाती सुनार ग्राम रतनशहर तहसील व जिला झुंझुनू के नाम से दिनांक 19.05.2016 की बनी हुई है। जिसका दस्तावेज क्रमांक नं. 2016001906 है। उक्त असल विक्रय पत्र मेरे मुवकिल राजकुमार पुत्र रामकिशन से कही गुम हो गई है। मेरे मुवकिल राजकुमार पुत्र रामकिशन ने उक्त प्लोट ललिता देवी पत्नी राजकुमार से जरिये उपहार पत्र प्राप्त किया था। अब उक्त प्लाट पर Tyger Capital Pvt. Ltd द्वारा राजकुमार पुत्र रामकिशन को लोन देने पर किसी को कोई आपत्ती हो तो मुझे सात दिवस में सूचना देवें अन्यथा बाद मियाद किसी भी प्रकार के एतराज/उज्र पर विचार नही किया जावेगा।

**प्रकाश कुलहरी एडवोकेट**
**मोबाईल नं. 9413434882**

### कार्यालय पंचायत समिति बुहाना जिला झुन्झुनू (राज.)

क्रमांक:- 2280-2284 दिनांक :- 24.08.2026

ई-निविदा सूचना संख्या 03/2026-27

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पंचायत समिति बुहाना के अधिनस्थ ग्राष पंचायत गादली, झारोडा, कांजला, उदामाण्डी, लालामण्डी, सोहली, सांतौर, गुन्ती, देवलावास, पचेरी कलां एवं रायपुर अहिरान के समस्त ग्रामों में आगामी एक दर्ष के लिए घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्ककरण, गांवों की सड़क एवं नाली सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य की सेवाओं हेतु इच्छुक श्रम विभाग व जी.एस.टी. पंजीकृत निविदादाताओं/फर्मों से ई-निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है। निविदा फार्म/शर्तें कार्यालय एवं
http://sppp.raj.nic.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पोर्टल पर उपलब्ध है।
जिसके NIB No. तथा UBN No. ZJU2627WSOB01258, ZJU2627WSOB01259, ZJU2627WSOB01260, ZJU2627SSRC01261, ZJU2627SSRC01262, ZJU2627SSRC01264,
ZJU2627SSRC01266, ZJU2627SSRC01268,
ZJU2627SSRC01270, ZJU2627SSRC01271
ZJU2627SSRC01272 है।

(मानसिंह चौहान)
विकास अधिकारी
पंचायत समिति बुहाना

### कार्यालय ग्राम पंचायत गादली पं.स. बुहाना जिला झुन्झुनूं

क्रमांक :- निविदा/2026-27/15 दिनांक :- 24/08/2026

**निविदा सूचना**

राजस्थान पंचायती राज. नियम 1996 के नियमों के तहत नियम 181 में ग्राम पंचायत गादली में स्वीकृत कार्यों हेतू इच्छुक संवेदकों/निविदादाताओं से जी.एस.टी. अधिनियम एवं सक्षम श्रेणी के पंजीकृत संवेदकों से निविदाएं आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट

http://sppp.raj.nic.in पर एवं ग्राम पंचायत कार्यालय में देखा जा सकता है। जिसके NIB No. ZJU2627A0647 तथा UBN No ZJU2627WSOB01274 से ZJU2627WSO801273 तक है।

प्रशासक — ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत गादली — ग्राम पंचायत गादली


## पुण्यतिथि पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर, 70 लोगों ने किया रक्तदान



**नवलगढ़ ( नवयत्न )।** नवलड़ी निवासी स्व. बेदकारी देवी पत्नी भागीरथमल रणंवा की प्रथम पुण्यतिथि पर सोमवार को परिवारजनों की ओर से गोगाजी मंदिर परिसर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत उपस्थित लोगों ने स्व. बेदकारी देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के साथ की। शिविर में 70 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। नवलगढ़ जिला अस्पताल की ब्लड टीम ने रक्त संग्रहण किया। रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं का आयोजकों की ओर से सम्मान किया गया। इस दौरान भागीरथमल रणंवा, फूलचंद रणंवा, इंद्राज सिंह, करणी राम, मनीराम गील, बिरबल जाखड़, सुनील कुल्हरी, नागरमल जागिंड़, रोहिताश रणंवा, रामकुमार रणंवा, मनीष रणंवा, राकेश रणंवा, विकास रणंवा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।


### कार्यालय ग्राम पंचायत जसवंतगढ़ पं.स. लाडनूँ (डीडवाना-कुचामन)

क्रमांक : 235 दिनांक : 17.08.26

**ई -निविदा सूचना संख्या 77/2026-27**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत जसवंतगढ़ के अधीनस्थ ग्रामों में वित्तीय वर्ष 2026-2027 में घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्ककरण, गांवों की सड़क एवं नालियों की सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई सहित सफाई संबंधित कार्य की सेवाओं हेतु इच्छुक जी.एस.टी. पंजीकृत निविदादाताओं/फर्मों से निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेब पोर्टल http:/www.sppp.rajasthan.gov.in एवं http:/www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकता है। निविदाये निर्धारित दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेंगी।
NIB-ZNR2627A0856
UBN-ZNR2627SLOB01088

**प्रशासक** — **ग्राम विकास अधिकारी**
ग्राम पंचायत जसवंतगढ़ — ग्राम पंचायत जसवंतगढ़

## प्रभुजनों को कराया भोजन, आज मरीजों को फल वितरण

संजय सोनी

**झुंझुनूं ( नवयत्न )।** लायंस क्लब झुंझुनू जीवन की ओर से सोमवार को बीडीके अस्पताल स्थित अन्नपूर्णा रसोई में 'फूड फॉर हंगर' सेवा कार्यक्रम के तहत प्रभुजनों को भोजन कराया गया। कार्यक्रम के संयोजक एवं प्रायोजक लायन रामदेवराम ओला रहे। क्लब अध्यक्ष एमजेएफ लायन डॉ. मुकेश एस. मूंड ने कहा कि जरूरतमंद एवं वंचित लोगों तक सेवा पहुंचाना क्लब का प्रमुख उद्देश्य है। 'सेवा ही सर्वोपरि' की भावना के साथ क्लब की ओर से विभिन्न सेवा गतिविधियां निरंतर आयोजित की जा रही हैं। कार्यक्रम में क्लब सचिव एमजेएफ लायन ओमप्रकाश मूंड, लायन रणधीर सिंह डूडी, लायन रामदेवराम ओला सहित अन्य लायन साथी एवं गणमान्यजन मौजूद रहे। मरीजों को फल वितरण क्लब की आगामी सेवा गतिविधि के तहत मंगलवार को राजकीय भगवान दास खेतान अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरित किए जाएंगे। फल वितरण कार्यक्रम के संयोजक एवं प्रायोजक क्लब के द्वितीय उपाध्यक्ष लायन रणधीर सिंह डूडी होंगे।

## चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित




निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** एमजेडी महाविद्यालय तारानगर में निर्वाचन साक्षरता क्लब, एनएसएस, रेंजर, रोवर एवं एनसीसी के संयुक्त तत्वावधान में नगर निकाय आम चुनाव में मतदाता जागरूकता के लिए लोकतन्त्र का महापर्व थीम पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। ईएलसी प्रभारी योगिता ने बताया कि प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मक एवं कलात्मक प्रतिभा के माध्यम से लोकतंत्र, मतदान के महत्व तथा मतदाता जागरूकता से संबंधित संदेशों को आकर्षक चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया। प्राचार्य डॉ मूलचन्द ने विद्यार्थियों के बनाए गए चित्रों का निरीक्षण कर उनका उत्साहवर्धन किया। अंकिता चौधरी एवं गोगराज निठारवाल ने निर्णायक मण्डल की भूमिका निभाई। इस प्रतियोगिता में प्रमिला प्रथम स्थान पर, मनीषा कुमारी द्वितीय स्थान पर, पूजा तृतीय स्थान पर रही। कार्यक्रम में डॉ हंसराज परिहार, राजेंद्र प्रसाद कस्वां, डॉ कमल कुमार, कैंपस एंबेसडर कैलाश, मोहित, मोनक सैनी, रवीना स्वामी, नितेश, अंबिका दाधीच आदि उपस्थित रहे।

## भाजपा की बैठक में निकाय चुनाव की तैयारियों पर मंथन, जनसंपर्क तेज करने पर जोर



मधु दहिया

**बुहाना ( नवयत्न )।** सिंघाना रोड स्थित विनायक मैरिज गार्डन में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित हुई। अध्यक्षता राजपाल सिंह तंवर ने की। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक संतोष अहलावत रहीं। बैठक में जिला संगठन संयोजक मुकेश गोयल, निकाय प्रभारी अतर सिंह भड़ाना, सुभाष पूनिया, रोहिताश फौजदार, कृष्ण यादव, भरत बोहरा, अनिल नाडिया और राजेश रांगेय सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। मुख्य अतिथि संतोष अहलावत ने कार्यकर्ताओं से पार्टी के प्रति निष्ठा बनाए रखते हुए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नगर पालिका चुनाव में योग्य प्रत्याशियों का चयन कर जनसंपर्क अभियान को गति दी जाए। कार्यकर्ता वार्ड स्तर पर पहुंचकर लोगों से सीधा संवाद करें और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाएं। बैठक में पार्टी संगठन को मजबूत बनाने, आमजन से जुड़ाव बढ़ाने तथा आगामी राजनीतिक चुनौतियों को लेकर रणनीति पर चर्चा की गई। उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पार्टी की विचारधारा और नेतृत्व के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

## पंच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ आयोजित

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** गांव ढाणी गोगटिया चारणान में गायत्री परिवार तारानगर की तरफ से पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ किया गया। यज्ञ का संचालन रमेश शर्मा के द्वारा किया गया। यज्ञ की व्यवस्था दरिया सिंह सहारण ने समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से की व निर्देश धनपत राम जांगिड़ का रहा। समस्त ग्राम वासियों ने यज्ञ में गायत्री महामंत्र व मृत्युंजय महामंत्र की आहुतियां बड़े ही उत्साह व श्रद्धा के साथ दी। इस दौरान धनपतराम जांगिड़ ने महिलाओं को घर में भोजन बनने के साथ ही प्रतिदिन बलिवैश्व करने व इसकी महिमा के बारे में जानकारी दी व रमेश शर्मा ने प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में इन्द्रिय संयम अर्थ संयम समय संयम विचार संयम के द्वारा जीवन सुखी बनाने के लिए बताया। दरिया सिंह सहारण ने प्रकृति की रक्षा व पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाए। गायत्री परिवार के कार्यकर्ता नोरंग राम कसवां व मदनलाल जांगिड़ ने भी अपने यज्ञ के बारे में विचार रखे।



# बिरला स्कूल के संगीत शिक्षक गोपाल कृष्ण शर्मा को मिला 'कलागुरु सम्मान'

## संस्कार भारती झुंझुनूं द्वारा कलागुरु सम्मान एवं सावन महोत्सव आयोजित

अशोक राईका

**झुंझुनूं ( नवयत्न )।** संस्कार भारती झुंझुनूं की ओर से स्काउट गाइड मुख्यालय परिसर में 'कलागुरु सम्मान एवं सावन महोत्सव' आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बिरला स्कूल पिलानी के संगीत शिक्षक गोपाल कृष्ण शर्मा को 'कलागुरु सम्मान-2026' से सम्मानित किया गया।

उन्हें शॉल, श्रीफल, अभिनंदन पत्र एवं प्रतीक चिह्न भेंट किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डाइट प्राचार्य सुमित्रा झाझड़िया थीं, जबकि अध्यक्षता शेखावाटी के साहित्यकार डॉ. रामकुमार घोटड़ राजगढ़ ने की। विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी राजेंद्र कुमावत, पूर्व बैंक अधिकारी एवं भामाशाह एमएन कुरैशी, हीरालाल भार्गव, नितिन अग्रवाल, गोविंद कुमावत, सीओ स्काउट महेश कलावत, दिलबाग सिंह, पूर्व प्राचार्य रुक्मणी सेकसरिया, रणजीत सिंह झाझड़िया एवं विमला कटारिया रहे। संस्था अध्यक्ष मधुसूदन खेतान एवं सचिव डॉ. अक्षय गोदारा के नेतृत्व में अतिथियों का दुपट्टा ओढ़ाकर स्वागत किया गया। सहायक अभियंता प्रेमबिहारी माथुर ने अभिनंदन पत्र का वाचन किया। पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी राजेंद्र कुमावत, डाइट की वरिष्ठ व्याख्याता डॉ. राजबाला ढाका, ज्योति शर्मा, डॉ. पूनम सिंघल एवं रविंद्र शेखावत ने शर्मा का सम्मान किया। कार्यक्रम के अंत में संस्कार भारती के जिलाध्यक्ष मधुसूदन खेतान ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार जताया। संचालन अनिल शास्त्री राजगढ़ ने किया।

### भामाशाह ने स्काउट गाइड फंड में दिए 21 हजार

कार्यक्रम में पूर्व बैंक अधिकारी एवं भामाशाह एमएन कुरैशी राजगढ़ ने स्काउट गाइड फंड में 21 हजार रुपए सहयोग देने की घोषणा की। वहीं झुंझुनूं के भामाशाह नितिन अग्रवाल ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए।

### गीत-संगीत और नृत्य ने बांधा समां

सावन महोत्सव में संतोष कुमार ने 'है प्रीत जहां की रीत सदा...', हीरालाल ने 'दुल्हन पहन चली तीन रंग की चोली...', डॉ. राजबाला ढाका ने 'ओ कान्हा अब तो मुरली की मधुर सुना दो तान...', प्रेमबिहारी माथुर ने 'झिलमिल सितारों का आंगन होगा...', कौशल कुमारी एवं कैलाश सूर्या ने 'चाल चंदा डागलिया पर...' तथा रविंद्र शेखावत एवं अनु कंवर ने 'रिमझिम के गीत सावन गाए...' सहित गीतों की प्रस्तुति देकर माहौल को संगीतमय बना दिया। दीप्ति काला एवं सेजल कुमारी ने क्रमशः 'सावन आयो रे' और शिव तांडव पर एकल नृत्य प्रस्तुत किया। स्काउट गाइड की बहनों ने मोनिका कुमावत के नेतृत्व में राजस्थानी लोक नृत्य प्रस्तुत किया।




## भाजपा ने फूंका चुनावी बिगुल, 35 वार्ड जीतने का संकल्प

**बागड़ा बोले- टिकट किसी एक को मिलेगा, सभी उसी के साथ खड़े हों**



ललित दाधीच

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** नगरपालिका चुनाव को लेकर भाजपा ने सोमवार को माली-सैनी समाज संस्थान भवन में विजय संकल्प सभा आयोजित कर चुनावी अभियान को धार दी। सभा में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने नगरपालिका के सभी 35 वार्डों में भाजपा प्रत्याशियों को जिताने का संकल्प लिया। ढोल वादन के साथ नेताओं का स्वागत किया गया। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं बीकानेर संभाग प्रभारी मुकेश दाधीच ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ हैं। दावेदार कई हैं, लेकिन टिकट एक ही कार्यकर्ता को मिलेगा। टिकट से वंचित कार्यकर्ताओं को निराश होने की जरूरत नहीं है, पार्टी में जिम्मेदारियों और अवसरों की कमी नहीं है। पालिका चुनाव प्रभारी ओमप्रकाश बागड़ा ने कहा कि यह कार्यकर्ताओं का चुनाव है। टिकट एक व्यक्ति को मिलेगा, इसलिए जिसे टिकट मिले, सभी कार्यकर्ता उसके समर्थन में एकजुट होकर काम करें। उन्होंने कहा कि जिताऊ, टिकाऊ और ईमानदार कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता दी जाएगी तथा परिवारवाद या व्यक्ति विशेष के आधार पर टिकट नहीं दिए जाएंगे। पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि ने कहा कि पिछले नगरपालिका चुनाव में पार्टी को सफलता नहीं मिली थी। इस बार कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर चुनाव मैदान में उतरना होगा। उन्होंने टिकट वितरण को लेकर कहा कि इसमें उनकी भूमिका शून्य है और वे किसी भी टिकट की मांग नहीं करेंगे। महर्षि ने कहा कि कार्यकर्ता जनता का विश्वास जीतें और बेईमानी से दूर रहें। उन्होंने घोषणा की कि भाजपा के पक्ष में सबसे अधिक मतों के अंतर से जीतने वाले वार्ड के विकास के लिए एक करोड़ रुपए दिलवाए जाएंगे। सभा में जिला उपाध्यक्ष दीनदयाल पारीक, हिम्मतसिंह मालासी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष दीनदयाल स्वामी, विधानसभा विस्तारक द्वारकाप्रसाद सैन, मंडल अध्यक्ष विष्णु प्रजापत, मंडल प्रभारी गिरधारी सिंह राठौड़, ओबीसी मोर्चा के इंद्रचंद देवड़ा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। संचालन जिला प्रवक्ता पवन बोथरा ने किया।

## जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** स्वास्थ्य विभाग की जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सोमवार को अतिरिक्त जिला कलेक्टर अनिल कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विभाग की योजनाओं, कार्यक्रमों व गतिविधियों की समीक्षा करते हुए अतिरिक्त जिला कलेक्टर अनिल कुमार ने सभी बीसीएमओ एवं चिकित्सा अधिकारियों को रिपोर्टिंग के स्तर में सुधार करने तथा अपनी टेबल पर प्रतिदिन टीकाकरण, परिवार कल्याण, मौसमी बीमारियों, प्रसव, एचआरपी, एएनसी पंजीकरण आदि की चैक लिस्ट बनाकर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कम प्रगति वाले ब्लॉक के अधिकारियों को आगामी बैठक से पूर्व लक्ष्य के अनुसार उपलब्धि अर्जित करने पर जोर देते हुए रिपोर्टिंग करने वाले कम्प्यूटर ऑपरेशन की लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए, ताकि रिपोर्टिंग में सुधार हो सकें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने सभी अधिकारियों को 181 पर आने वाली शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समय पर निस्तारण करने, लाडो योजना के तहत ड्यू किश्तों का भुगतान करने के निर्देश दिए। बरसात के मौसम को देखते हुए सभी संस्थाओं में भवन, फायर, बिजली की ऑडिट करवाने तथा जर्जर भवन में चिकित्सालय का संचालन नहीं के निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने लाडो योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को भुगतान करने तथा डिलीवर के समय ही जरूरी दस्तावेज मांगवाकर लाभान्वित करने के निर्देश दिए। साथ सभी संस्थाओं में सीसी टीवी कैमरे लगवाने, डिजिटल हेल्थ मिशन के तहत अस्पतालों में आभा आईडी से काम करने, 108 एम्बुलेंस का समय पर निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उप मुख्य चिकत्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ निर्मल सिंह ने बताया कि बरसात के मौसम में डायरियां व उल्टी दस्त की रोकथाम के लिए पानी के सैम्पल जांच के लिए एसके अस्पताल में भिजवाने तथा मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए एंटी लार्वा एक्टिविटी करने निर्देश दिए। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विशाल सिंह ने एएनसी पंजीकरण, प्रसव, टीकाकरण, संपूर्ण टीकाकरण, एमआर प्रथम, द्वितीय डोज, एचपीवी टीकाकरण अभियान की ब्लॉकवार उपलब्धियों के बारे में जानकारी देते हुए कम उपलब्धी वाले ब्लॉक के अधिकारियों को लक्ष्य के अनुसार प्रगति दर्ज करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ हर्षल चौधरी ने परिवार कल्याण कार्यक्रम, राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन कार्यक्रम की प्रगति के बारे में जानकारी दी।

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ रतनलाल ने टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत हुए कार्य की ब्लॉकवार उपलब्धियों की जानकारी देते हुए संभावित टीबी रोगियों की स्क्रीनिंग करने, एक्स-रे, ग्राम पंचायतों पर लग रहे शिविर में आमजन को लाभाविन्त करने तथा निक्षय पोषण योजना के तहत सभी टीबी रोगियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। बैठक में सभी बीसीएमओ व सीएचसी प्रभारी अधिकारी मौजूद रहे।

## खाद्य पदार्थो के 14 सैम्पल भेजे जयपुर

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** त्योहार पर आमजन को शुद्ध एवं ताजा खाद्य सामग्री उपलब्ध हो, इसके लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से लगातार खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर जांच के लिए सैम्पल लिए जा रहे हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने बताया कि जिला कलेक्टर आशीष मोदी के निर्देशन में जिले में शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत विभाग की टीमों द्वारा कार्रवाई की जा रही है। इसके तहत सोमवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी फूल सिंह बाजिया, महमूद अली, नंदराम मीणा, सुरेश कुमार शर्मा ने रामगढ़ शेखावाटी क्षेत्र में विभिन्न खाद्य पदार्थो की दुकानों का निरीक्षण किया। वहीं घी, बेसन, रसगुल्ला, मैदा पेठा, मावा पेड़ा आदि मिठाइयों के 14 सैम्पल लेकर जांच के लिए खाद्य प्रयोगशाला जयपुर भिजवाए। इस दौरान खाद्य व्यापारियों को आवश्यकता तथा डिमांड के अनुसार मिठाई बनाने, मिठाईयां बनाकर उनका संग्रहण नहीं करने, प्रतिष्ठान में साफ सफाई रखने के लिए पाबंद किया।

## वित्तीय जागरूकता से सशक्त होंगे विद्यार्थी : गहलावत

सुरेन्द्र शर्मा

**झुंझुनूं ( नवयत्न )।** चुड़ैला स्थित श्री जेजेटी विश्वविद्यालय में सोमवार को भारतीय रिजर्व बैंक एवं नाबार्ड के निर्देशन में एआरओएच फाउंडेशन की ओर से वित्तीय साक्षरता एवं साइबर जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। आरबीआई के एलडीओ रवि गहलावत ने विद्यार्थियों को सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग, साइबर ठगी से बचाव और वित्तीय जानकारी गोपनीय रखने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वित्तीय जागरूकता से विद्यार्थी सशक्त बनेंगे। साइबर ठगी होने पर तत्काल 1930 पर शिकायत करने की जानकारी भी दी। नाबार्ड के डीडीएम सौरभ नागपाल ने सरकारी वित्तीय एवं कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। राजस्थान ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक अनिल कुमार ने बीमा के महत्व, जबकि एआरओएच फाउंडेशन के डीसी बनवारीलाल ने साइबर सुरक्षा एवं सामाजिक सुरक्षा के बारे में बताया। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। कार्यक्रम में डॉ. अंशु शर्मा, डॉ. अनंता संडिल्या, डॉ. धनेश कुमार मीणा, डॉ. अंजना शर्मा सहित शिक्षक एवं विद्यार्थी मौजूद रहे। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. अजीत कुमार एवं सीएफओ डॉ. अमन गुप्ता ने विशेषज्ञों का आभार जताया।



## आश्रम में निवासरत प्रभुजनों को छात्राओं ने बांधी राखियां

नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय अपना घर आश्रम में निवासरत प्रभुजनों की कलाई पर स्कूल की छात्राओं ने जब राखियां बाँधी तो अत्यन्त भावपूर्ण अवसर उपस्थित हो गया। भाई-बहन के आपसी स्नेह का पवित्र पर्व रक्षा बंधन मनाने आश्रम में पहुंची छात्राओं के हाथों से राखी बंधवाते हुए प्रभुजनों के अन्तर्मन का भाव उनके चेहरों पर स्पष्ट झलक रहा था कि हमारा भी कोई है। राखियां बांधने के पश्चात् छात्राओं ने सुमधुर गीत प्रस्तुत किए। इस अवसर पर एडवोकेट रामावतार ठठेरा, शिवलालसिंह ढेवा, गोविंद प्रसाद ढाका, विद्यालय की प्रधानाध्यापिका विजय लक्ष्मी चौधरी, सुनीता शर्मा, दिव्या, अंजली जांगिड़, नित्या शर्मा, शिक्षक सूर्यप्रकाश प्रजापत सहित आश्रम परिवार के सदस्य उपस्थित थे।




## मानसून में सफाई पर निगम का फोकस : 4 हजार 455 सफाईकर्मी संभालेंगे मोर्चा

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** मानसून के दौरान स्वच्छता व्यवस्था मजबूत करने और मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए नगर निगम जयपुर 25 अगस्त से 7 सितम्बर तक स्वच्छ जयपुर-स्वस्थ जयपुर थीम पर छह चरणों में सघन सफाई अभियान चलाएगा। निगम आयुक्त ओम कसेरा के निर्देश पर होने वाले अभियान में कुल 4 हजार 455 सफाई कर्मी तैनात किए जाएंगे। अभियान के तहत 25 अगस्त को सांगानेर व मानसरोवर, 27 अगस्त को जगतपुरा, झालाना व मालवीय नगर, 1 सितम्बर को विद्याधर नगर व मुरलीपुरा, 3 सितम्बर को झोटवाड़ा व वैशाली नगर, 5 सितम्बर को सिविल लाइन तथा 7 सितम्बर को आदर्श नगर जोन में सफाई अभियान चलेगा। प्रत्येक निर्धारित दिन सुबह 7 से दोपहर 3 बजे तक सफाई कार्य किया जाएगा। अभियान से पहले वार्डवार निरीक्षण कर गार्बेज वल्नरेबल पॉइंट और अन्य गंदगी वाले स्थानों को चिह्नित किया जाएगा। यहां जमा कचरा व मलबा हटाने के साथ सड़क किनारे, डिवाइडर, मेडियन और सार्वजनिक स्थलों की भी गहन सफाई होगी। अभियान में निर्माण एवं विध्वंस मलबा हटाने पर भी विशेष जोर रहेगा। संबंधित संवेदकों को अभियान दिवस पर समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए जाएंगे। मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए जरूरत के अनुसार फॉगिंग, एंटी-लार्वा और कीटनाशक दवाओं का छिड़काव भी कराया जाएगा। संबंधित स्वास्थ्य निरीक्षक मौके पर रहकर सफाई कार्य की निगरानी करेंगे। अभियान से पहले और बाद की सफाई की फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी कर रिपोर्ट तैयार की जाएगी।

## कांग्रेस की दो टूक : वार्ड बदला तो टिकट की दावेदारी नहीं

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** प्रदेश में नगर निकाय चुनाव की सरगर्मियां तेज होने के साथ ही कांग्रेस ने प्रत्याशी चयन को लेकर गाइडलाइन जारी कर दी है। पार्टी ने स्पष्ट किया है कि दावेदार जिस वार्ड का निवासी है, वह उसी वार्ड से पार्षद पद के लिए आवेदन कर सकेगा। दूसरे वार्ड से की गई दावेदारी पर सामान्य तौर पर विचार नहीं किया जाएगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने इस संबंध में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए हैं। दरअसल वार्डों के आरक्षण के चलते कई दावेदार दूसरे वार्डों से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। किसी का वार्ड महिला, ओबीसी, एससी या एसटी वर्ग के लिए आरक्षित होने पर सामान्य वर्ग के दावेदार दूसरे वार्ड से आवेदन कर रहे हैं। इसी तरह आरक्षण के कारण अन्य वर्गों के दावेदार भी वार्ड बदलकर टिकट की दावेदारी कर रहे हैं। पार्टी ने दावेदारों की संख्या सीमित करने और स्थानीय कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता देने के लिए यह व्यवस्था लागू की है। कांग्रेस नेताओं के अनुसार विशेष परिस्थितियों में वार्ड बदलने की अनुमति दी जा सकती है। यदि किसी वार्ड में कांग्रेस का कोई स्थानीय दावेदार नहीं है, तभी दूसरे वार्ड के दावेदार पर विचार की संभावना रहेगी। हालांकि ऐसे मामले बेहद सीमित रखने की बात कही गई है। पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने भी कहा कि वार्ड बदलकर चुनाव लड़ने की अनुमति किसी को नहीं दी जाएगी। जिस वार्ड में पार्टी का कार्यकर्ता रहता है, उसे ही प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान पार्षद भी दूसरे वार्ड में जाकर आवेदन करता है तो इसे उचित नहीं माना जाएगा।

पार्टी के स्थानीय कार्यकर्ताओं को ही मौका दिया जाएगा। इधर जयपुर नगर निगम चुनाव को लेकर कांग्रेस ने मिशन-100 का लक्ष्य तय किया है। सोमवार को सुनील शर्मा ने चुनाव के लिए विभिन्न कमेटियों की घोषणा की। कैंपेन कमेटी के प्रमुख सुनील शर्मा, स्टीयरिंग कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास, अनुशासन समिति के अध्यक्ष विधायक अमीन कागजी और पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी के अध्यक्ष रफीक खान बनाए गए हैं। वहीं राजस्थान लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष बीएम शर्मा को चुनाव घोषणा पत्र समिति की जिम्मेदारी दी गई है। सुनील शर्मा ने कहा कि जयपुर की जनता बदलाव चाहती है और कांग्रेस इसी उम्मीद के साथ चुनाव मैदान में उतरेगी। पार्टी ने 150 सदस्यीय जयपुर नगर निगम में 100 सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है। प्रदेश कांग्रेस ने सोमवार को सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव पर्यवेक्षक नियुक्त किए हैं।

पर्यवेक्षकों को 24 से 26 अगस्त तक अपने-अपने प्रभार वाले क्षेत्रों में संगठनात्मक बैठकें करने तथा 27 अगस्त को प्रदेश कांग्रेस को रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। नगर निकाय चुनाव के लिए 27 अगस्त से नामांकन प्रक्रिया शुरू होनी है। कांग्रेस की नई गाइडलाइन के बाद अब स्थानीय दावेदारों के बीच टिकट को लेकर मुकाबला और तेज होने के आसार हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190